


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



सिटाडेल के हिंदी संस्करण ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 17 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 116 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## बिना नाम लिए प्रियंका गांधी ने कसा अतीक की हत्या पर तंज, कहा- सियासी मकसद से कानून के राज से खिलवाड़ करना लोकतंत्र के लिए सही नहीं

नयी दिल्ली। अतीक अहमद दशकों तक उत्तर प्रदेश के लोगों के दिलों में आतंक मचाने वाले गैंगस्टर से नेता बने और जो शनिवार को यूपी के प्रयागराज में अपने भाई अशरफ के साथ मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय मारे गए। तीन हमलावरों ने अतीक और उनके भाई पर गोलियां चलाई। पूरी वारदात की तस्वीरें मीडिया के कैमरे में कैद हो गयी। माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गोली मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को कहा कि देश के कानून के तहत अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और सियासी मकसद से कानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

प्रियंका गाधी उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उठाए सवालः अतीक (60) और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात अज्ञात हमलावरों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब पुलिस दोनों को चिकित्सा जांच के लिए मेडिकल कॉलेज ले जा रही थी। पत्रकारों की भेष में आए तीन हमलावरों ने अतीक और उसके भाई को उस समय बहुत करीब से गोली मार दी, जब वे मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रह थे, जबकि उनके आसपास पुलिस कर्मियों का पहरा था। इस दोहरे हत्याकांड का एक वीडियो सार्वजनिक हुआ है, जिसमें तीन हमलावर दोनों भाइयों को गोली मारते नजर आ रहे हैं और गोली लगते ही दोनों जमीन पर गिर जाते हैं।

प्रियंका ने किसी का नाम लिए बगैर ट्वीट कियाः प्रियंका ने किसी का नाम लिए बगैर ट्वीट किया कि देश का कानून संविधान में लिखा गया है और यह कानून सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, "अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, लेकिन ऐसा देश के कानून के तहत किया जाना चाहिए।



किसी भी सियासी मकसद से कानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।" कांग्रेस नेता ने कहा, "जो भी ऐसा करता है, या ऐसे करने वालों को सरंक्षण देता है, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उस पर भी सख्ती से कानून लागू होना चाहिए।" उन्होंने कहा, "देश में न्याय व्यवस्था और कानून के राज का इकबाल बुलंद हो, यही हम सबकी कोशिश होनी चाहिए।" अहमद और उसके भाई अशरफ को 2005 के उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में सुनवाई के लिए प्रयागराज लाया गया था। झांसी में 13 अप्रैल को अहमद का बेटा असद और उसका एक साथी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे। असद का शव शनिवार सुबह प्रयागराज में कसारी मसारी कब्रिस्तान में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दफनाया गया था। कौन था अतीक अहमद?: अतीक अहमद पर हत्या का आरोप लगाया गया था जब वह सिर्फ 17 साल का था। अपराध चार्ट पर चढ़ने के बाद, वह लोकसभा क्षेत्र – फूलपुर – का सांसद बन गया, जिसका भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने प्रतिनिधित्व किया था। दशकों तक उत्तर प्रदेश के लोगों के दिलों में आतंक मचाने वाले गैंगस्टर से नेता बने और जो शनिवार को यूपी के प्रयागराज में अपने भाई अशरफ के साथ मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय मारे गए। अतीक अहमद पर चार दशकों में जबरन वसूली, अपहरण और हत्या सहित 100 से अधिक मामले दर्ज थे। हालांकि अतीक अहमद 2005 में बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के गवाह उमेश पाल की 24 फरवरी, 2022 को हत्या के बाद सुर्खियों में आए, लेकिन उत्तर प्रदेश पर उनके अपराध की छाया बहुत बड़ी थी। लगभग चार दशकों तक अतीक ने अपराध और राजनीति की दुनिया में कदम रखा था। वह एक गरीब परिवार में पैदा हुआ था और अपराध की दुनिया में उसकी यात्रा तब शुरू हुई जब वह बहुत छोटा था। अपने विरोधियों को झूठे मुकदमों में फंसाने के लिए जाने जाने वाले उनके पैतृक गांव ने उन्हें एक निर्मम व्यक्ति के रूप में याद किया जो गवाहों को रिश्वत देते थे, उन्हें धमकाते थे और हमेशा कानून से बचते थे।

## पीएम मोदी ने वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया की प्रगति पर जताई प्रसन्नता

### जयशंकर ने ट्वीट का दिया जवाब



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वैश्विक स्तर पर श्मेक इन इंडियाश पहल की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए प्रसन्नता जताई। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने मोजाम्बिक दौरे के दौरान मोजाम्बिक के परिवहन मंत्री मातेउस मगाला के साथ मापुटो से माचावा तक श्मेड इन इंडियाश ट्रेन में सफर करने वाला वीडियो साझा किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने जयशंकर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कहा कि इससे हर भारतीय खुश होगा! मेक इन इंडिया लगातार वैश्विक स्तर पर प्रगति कर रहा है।

**विदेश मंत्री ने किया था मोजाम्बिक का दौरा**

जयशंकर ने हाल ही में मोजाम्बिक का तीन दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मोजाम्बिक के परिवहन मंत्री मातेउस मगाला के साथ मापुटो से माचावा तक श्मेड इन इंडियाश ट्रेन में सफर किया। जिसकी एक वीडियो और एक तस्वीर अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को विदर्भ क्षेत्र के लिए उद्घाटन किए गए 6 रोड ओवर ब्रिज की सराहना की है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के एक ट्वीट को रिट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि, विदर्भ क्षेत्र में कनेक्टिविटी के लिए बढ़िया।

## केजरीवाल रुकेंगा नहीं... पुष्पा स्टाइल में आप ने जारी किया दिल्ली के मुख्यमंत्री का पोस्टर, राजधानी में सियासी हलचल तेज




दिल्ली के शराब घोटालों के मामलों में सीबीआई ने आज प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल को 11:00 बजे पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया। शुक्रवार को सीबीआई द्वारा सीएम केजरीवाल को समन जारी करने के बाद से आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर हमलावर हो गई है। इस बीच आप पार्टी ने आपने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से एक फोटो शेयर की। यह फोटो सीएम केजरीवाल की है। खास बात यह है कि सीएम का यह पोस्टर फिल्म श्पुष्पाश से प्रेरित हैं। इसके नीचे लिखा है श्केजरीवाल नहीं रुकेगा सीएम केजरीवाल कुछ ही देर में सीबीआई दफ्तर पहुंचें। इसे देखते हुए सीबीआई मुख्यालय के निकास द्वार पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सीबीआई कार्यालय के चारों ओर बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं और सड़क को भी बंद कर दिया गया है। जिससे ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों को भी जाने में काफी परेशानी होती है। पैदल चलने वालों को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं है, इसलिए लोग बैरिकेड्स के जरिए ऑफिस जाते हैं। मुख्यमंत्री को शुक्रवार को समन मिला था, जिसके बाद उनकी पार्टी ने आरोप लगाया था कि केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने की साजिश रच रही है. पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आप पर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने के कारण दबाव डाला जा रहा है। सीबीआई के अलावा, प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार से पूछताछ की है। यह बताया गया कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार से पूछताछ की कि नई आबकारी नीति के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री से किसने बात की या उनसे मुलाकात की।

## पंजाब के पटियाला में आईपीएल मुकाबलों पर सट्टा लगाने के आरोप में दो गिरफ्तार



पटियाला। पंजाब के पटियाला से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबलों पर सट्टा लगाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान रतन नगर निवासी कुलप्रीत और रंजीत नगर निवासी सोनू के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से 13 मोबाइल फोन और 74,700 रुपये नकद बरामद किये गये हैं। उन्होंने कहा कि दोनों के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सार्वजनिक जुआ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बिहार जहरीली शराब त्रासदी में 20 गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त



मोतिहारी/पटना। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में मोतिहारी के अलग–अलग स्थानों पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में जहरीली शराब बरामद की है और इस संबंध में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, जिले में संदिग्ध जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 14 हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार, मोतिहारी के विभिन्न इलाकों में छापेमारी के बाद ''अवैध शराब के कारोबार में शामिल'' 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें बताया गया कि उनके कब्जे से लगभग 85.5 लीटर शराब बरामद की गई है। बयान के अनुसार, ''जिला पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि तुरकौलिया, हरसिद्धि, सुगौली और पहाड़पुर में शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि शराब पीने के बाद कुछ लोगों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई।'' आबकारी विभाग के अधिकारी भी इस मामले की जांच कर रहे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने अप्रैल 2016 में बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि, शराब तस्करों के खिलाफ जारी अभियान के बावजूद राज्य से शराब की तस्करी की घटनाएं सामने आ रही हैं। दिसंबर 2022 में सारण जिले में जहरीली शराब पीने से सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी।

## आप ने सत्ता पर कब्जा करने के लिए अन्ना हजारे का 'इस्तेमाल' किया : रीजीजू



नयी दिल्ली। आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रविवार सुबह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश होने के बीच केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने आम आदमी पार्टी (आप) पर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के बहाने सत्ता पर कब्जा करने के लिए गांधीवादी अन्ना हजारे का ''इस्तेमाल'' करने का आरोप लगाया। रीजीजू ने अन्ना हजारे के एक पुराने साक्षात्कार के अंश भी साझा किए, जिनमें वह दिल्ली की आबकारी नीति की कथित रूप से आलोचना करते नजर आ रहे हैं। इस साक्षात्कार की तिथि स्पष्ट नहीं है। रीजीजू ने ट्वीट किया, "अब उन्होंने सत्ता पर कब्जा कर लिया है। मुझे यकीन है कि वह अन्ना जी की भी नहीं सुनेंगे। भ्रष्टाचार एक बहाना था, अन्ना जी और जनता को मूर्ख बनाने का।" उन्होंने आगे कहा, "अन्ना जी का इस्तेमाल केवल सत्ता पर कब्जा करने और भ्रष्टाचार के नाम पर संसाधनों को लूटने के लिए किया गया।

## अतीक–अशरफ की हत्या के बाद एक्शन मोड में गृह मंत्रालय, पत्रकारों के लिए तैयार की जाएगी एसओपी



नई दिल्ली। प्रयागराज में खुद को पत्रकार बताकर अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या करने वाले तीन हमलावरों के बाद केंद्र पत्रकारों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगा। सूत्रों ने पुष्टि की कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय द्वारा एसओपी उठाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में फर्जी पत्रकार बने तीन लोगों ने माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी। शनिवार की देर शाम पूरे देश को झकझोर देने वाली इस हत्या को उत्तर प्रदेश पुलिस की भारी तैनाती के दौरान अंजाम दिया गया था, जब गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और अशरफ को एक परीक्षा के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था। गौरतलब है कि हत्या कैमरे में कैद हुई और आरोपियों ने दोनों के आने के समय आसपास रहने के लिए खुद को मीडियाकर्मियों के रूप में बताया था। आतीक–अशरफ को तीन लोगों द्वारा गोली मार दी गई थी। गोली मारने वालों को कुछ ही समय बाद पकड़ लिया गया था। यह हादसा तब हुआ जब अतीक और अशरफ दोनों पत्रकारों से बात कर रहे थे। पुलिस मौके पर मौजूद थी और उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जा रही थी।

### अतीक और अशरफ की हत्या में इस्तेमाल जिगाना मेड पिस्टल

जिगाना निर्मित पिस्तौल का इस्तेमाल अतीक और अशरफ की हत्या में किया गया था, जिन्हें भारत में अवैध और प्रतिबंधित माना जाता है। इन पिस्टल की कीमत करीब 6 से 7 लाख रुपए है। लवलेश तिवारी करीब 6 महीने पहले जेल से छूटा था। हमीरपुर के रहने वाले सन्नी के बड़े गिरोह और गैंगस्टरों से संबंध हैं।

### अतीक के शूटर्स ने कैसे दिया अपने प्लान को अंजाम

प्राथमिकी के अनुसार, जैसे ही अतीक अहमद और अशरफ ने मीडिया से बात करनी शुरू की एक शूटर ने उनका माइक और कैमरा गिरा दिया और अपनी पिस्तौल उठा ली और दोनों पर गोली चला दी। क्रॉस फायरिंग में एक सिपाही के हाथ में गोली लगी और एक साथी के क्रॉस फायरिंग में एक हमलावर को भी गोली लगी। इसके बाद शूटरों ने अपने लोडेड हथियार गिरा दिए। इस घटना को कवर कर रहे कुछ पत्रकारों को भी मामूली चोटें आई हैं।






## मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का बयान, कहा– अतीक हत्याकांड की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच की जरूरत



भोपाल। गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक दिन पहले हुई हत्या के मामले में कांग्रेस ने अपनी टिप्पणी की हैं। पिछले काफी समय से गैंगस्टर अतीक अहमद को लेकर कई तरह की अफवाहे सोशल मीडिया पर उड़ाई जा रही थी। मीडिया 24 घंटे अतीक की गाड़ी के काफीले का पीछा भी कर रहा था। लोगों को शक था कि कहीं अतीक की गाड़ी पलट न जाए। कथित तौर पर कई अफवाहें सोशल मीडिया पर उड़ रही थी लेकिन शनिवार की रात अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के साथ कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी के होश उड़ा दिए। तीन हमलावरों ने मेडिकल टेस्ट करवाकर लौट रहे अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावर पत्रकार के वेश में आये थे। अब कांग्रेस के कमलनाथ ने इस मामले में टिप्पणी की हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक दिन पहले हुई हत्या के मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराने की रविवार को मांग की। पुलिसकर्मी जब अतीक और अशरफ को अनिवार्य जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, तब पत्रकारों के रूप में आये तीन लोगों ने शनिवार रात मीडिया से बातचीत के दौरान दोनों भाइयों की गाली मारकर हत्या कर दी। कमलनाथ ने रविवार को कहा, उत्तर प्रदेश और देश में किस तरह की राजनीति हो रही है? एक दिन कोई मारा जाता है तो दूसरे दिन कोई और। यह समाज को सोचना है कि उत्तर प्रदेश और देश किस दिशा में जा रहा है। उच्चतम न्यायालय को इसका संज्ञान लेना चाहिए और जांच का आदेश देना चाहिए।'' इस बीच, मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने नाथ पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता को अतीक बंधुओं की मौत के बजाय उन लोगों पर दुख व्यक्त करना चाहिए, जिन्हें अतीक अहमद ने मार डाला। सलूजा ने कहा, ''अतीक 100 से अधिक आपराधिक मामलों का आरोपी था। शर्मनाक है कि नाथ एक ऐसे व्यक्ति की हत्या की जांच की मांग कर रहे हैं, जिसने कई लोगों की हत्याएं की और कई परिवारों को नष्ट कर दिया। नाथ तुष्टीकरण की राजनीति के लिए एक माफिया का पक्ष ले रहे हैं।

# सभासद प्रतिनिधि कहलाने को तैयार, मां और भाभी भी बने उम्मीदवार

## वार्ड आरक्षण में महिला सीट होने के बाद घर मे ही सीट लाने को बेताब

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर।नगर पंचायत के वार्ड आरक्षण व अध्यक्ष में सीटों के बदलाव से चुनावी समीकरण काफी बदल गए हैं। कई दिग्गज सभासद मैदान से बाहर हो गए हैं तो कुछ पर एक बार किस्मत फिर मेहरबान हैं। हालांकि आरक्षण में अनारक्षित से महिला सीट होने वाले वार्डों के सभासद व अध्यक्ष पद के उम्मीदवार निश्चिंत हैं।इसी तरह ओबीसी वाले सीटों में भी है, लेकिन जिनकी सीट अनुसूचित हो गई है उनकी दावेदारी पूरी तरह से खत्म हो गई है। इधर, अनारक्षित सीट मानकर तैयारी में जुटे दावेदारों की उम्मीद बरकरार है। उनका कहना है कि सीट बदलकर महिला हो गई है तो क्या हुआ, पत्नी, माता और भाभी को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। उन्हें जीत दिलाकर सभासद प्रतिनिधि बनकर वार्ड का विकास कराएंगे। इसी तरह ओबीसी सीट पर दावेदारी कर रहे दावेदार के सामने भी संकट आया है, लेकिन वह भी परिवार के सदस्य को चुनाव लड़वाने के मूड में हैं, पर जिनकी सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व हो गई है। वह मायूस हैं। नगर में 20 वार्ड में 7 वार्ड महिला के आरक्षित हुआ है। मेंहदावल नगर के 20 वार्डो में अंतिम आरक्षण कुछ दिन पहले जारी कर दिया गया। कुल 20 वार्ड में 7 वार्ड महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जिसमें चुनाव की दावेदारी कर रहे है उम्मीदवार अब अपने भाभी और माँ को मैदान में उतारने का मन बना रहे है। आरक्षण फाइनल होने के बाद अब टिकट के लिए जुगत लगा रहे है। अधिकांश सीटों पर दावेदारी करने वाले दावेदार पहले खुद के लिए पदाधिकारियों से मनुहार कर रहे थे। अब वह पत्नी, माता और भाभी के लिए टिकट मांग रहे हैं। टिकट मिलने पर जीत पक्की होने का विश्वास भी दिला रहे हैं।वही वार्ड आरक्षण की लिस्ट के बाद से वार्डों में चुनाव माहौल हो गया है। समर्थक लोगों की मदद करने के साथ उनके हर सुख – दुख में शामिल हो रहे हैं। वार्ड में दावेदारों के समर्थकों की एक्टिविटी भी काफी बढ़ गई है। सुबह–शाम मीटिंग हो रही और चुनाव की तैयारियों का खाका तैयार किया जा रहा है। समर्थकों को भी उम्मीद हैं कि उनके नेता को ही टिकट मिलेगा। 9 अप्रैल को चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा होते ही चर्चा राजनीतिक गलियारों में तेजी से चल रही है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अपने–अपने तर्क दे रहे हैं। आरक्षण जारी होने के बाद अब चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इधर, चर्चाओं के बीच दावेदारों ने पार्टी के बड़े पदाधिकारियों के चक्कर लगाना भी शुरू कर दिया है। सभी टिकट के लिए अपना–अपना पक्ष रखकर तर्क दे रहे हैं।

# ग्राम विकास अधिकारी की मुख्यमंत्री से हुई शिकायत , कार्रवाई की मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोण्डा।प्रदेश में भले ही सत्ता और सरकार चलाने का निजाम बदल गया हो लेकिन प्रदेश में भ्रष्टाचार का ग्राफ गिरने का नाम नहीं ले रहा है।ताजा मामला गोंडा जिले से है जहां पर मनकापुर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी दिनेश निषाद पर फर्जी फार्म बनाकर मनरेगा में लाखों का घोटाला करने का आरोप लगा है जिसकी शिकायत जिले के उच्चाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक की गई है लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेना उचित नहीं समझा। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में जिम्मेदार अधिकारी कितनी मेहनत और लगन से लोगों की शिकायतों पर ध्यान देकर कारवाई कर रहे हैं। आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी की पत्नी छपिया ब्लाक के ग्राम पंचायत शुकुलपुर की प्रधान हैं और अपने रिश्तेदारों व भाइयों के नाम से फर्जी फ्रॉम बनाकर मनरेगा के रुपयों का गबन कर रही हैं । शिकायत पत्र में साफ लिखा गया है कि सरकारी आंकड़ों के हिसाब से सभी भाई व रिश्तेदार बीपीएल कार्ड धारक हैं और सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। बहराइच जनपद में ग्राम विकास अधिकारी दिनेश निषाद की तैनाती थी तो भी यह गोंडा की फर्जी फराम बनवाकर करोड़ों का गबन किए हैं। अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद दिनेश निषाद के ऊपर 419 ध420 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे भी दर्ज हैं शिकायतकर्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए भ्रष्ट ग्राम विकास अधिकारी निषाद पर जिले के अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग की है। जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेने की जरूरत है जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही जीरो टॉलरेंस की नीति साकार हो सके।हालांकि इस पूरे मामले में डीपीआरओ लालजी दुबे का कहना है मामला संज्ञान में है मामले की जांच कराई जा रही है दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब देखने वाली बात होगी कि महोदय द्वारा केवल कार्रवाई का झुनझुना थमा दिया जाएगा इस पूरे मामले में किसी भी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

## सामुदायिक शौचालय केंद्रों के नहीं खुल रहे ताले प्रशासन के दावों की खुल रही है पोल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटियाथोकधगोंडा।स्वच्छ भारत मिशन के तहत अधिकतर ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय केंद्रों के ताले ही नहीं खुल रहे हैं उन तालो पर जंग लग गए वहीं स्थानीय प्रशासन सामुदायिक शौचालय केंद्रों के संचालित होने का दावा कर रहा है जिसका हकीकत से कोई वास्ता नहीं है इससे साफ स्पष्ट है इस सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरीके से विफल है और अपने उद्देश्यों से पूरी तरीके से भटक गई है यदि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में




बनाए गए सामुदायिक शौचालय केंद्र गांव में स्वच्छता के दृष्टिगत बनाए गए थे लेकिन सामुदायिक शौचालय केंद्रों के ताले नहीं खुल रहे हैं और जिन उद्देश्यों के लिए बनाए गए थे उन उद्देश्यों की पूर्ति भी नहीं हो रही है और ग्रामीण बाहर , खुले में शौच जाने के लिए मजबूर है इस बारे में एडीओ पंचायत इटियाथोक से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इटियाथोक विकासखंड में कुल 85 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से 79 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय केंद्र बन गए है और उनका इस्तेमाल हो रहा है । जब मौके पर उनकी हकीकत परखी गई तो हकीकत कुछ और बयां कर रही है अधिकतर ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय ... वास्तव में स्वच्छता लाना चाहती है तो इसके लिए कुछ कड़ी नियम लागू करने होंगे सामुदायिक शौचालय केंद्रों को बनवाने में लाखों रुपए खर्च हो गए उसके बाद भी इनका इस्तेमाल ना होना साफ सुथरा पैसों की बर्बादी है वहीं ग्रामीणों का कहना है सरकार व प्रशासन योजनाएं तो संचालित कर देता है लेकिन उन योजनाओं का क्रियान्वयन ना होने से सरकार की अधिकतर योजनाएं विफल हो जाती है और उन योजनाओं में जो भी पैसे खर्च किए जाते हैं वह भी बर्बाद हो जाते हैं सरकार को कोई भी योजना बनाने से पूर्व उसके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए वरना योजनाएं बनती रहेंगी और विफल होती रहेंगी।

## डिंगडांग कंपनी संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने हेतु तरबगंज थाने में दी गयी तहरीर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा।बेरोजगारों को धन कमाने की लालच देकर उन्हें डिंगडांग कंपनी में जोड़कर उनका शोषण करने वाले कंपनी संचालकों के विरुद्ध तरबगंज थाने में तमाम लोगों ने एक जुट होकर तहरीर दिया है, जिसमें जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई है।बताते चलें कि 1500 रुपये लगाकर लाइफ टाइम हर महीने 900 रुपये कमाने के साथ ही और लोगों को जोड़कर ढेर सारा रुपये कमाने की लालच देकर डिंगडांग कंपनी में लोगों को जोड़ा गया। अवगत हो कि तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम केसवपुर दुबौली निवासी अरुण कुमार द्विवेदी पुत्र कृष्णधर द्विवेदी और देवधर द्विवेदी ने कई लोगों के साथ मिलकर तरबगंज थाने में डिंगडांग कंपनी के संचालकों के विरुद्ध तहरीर देते हुए यह दर्शाया है कि थाना वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम करदा निवासी विनोद जायसवाल व तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर बैरिहा निवासी रामचंद्र मौर्य द्वारा स्वनिर्मित कंपनी डिंगडांग है। जिसे दोनों मिलकर संचालित करते थे। पीड़ित का आरोप है कि 06 माह पूर्व दोनों उनके पास पहुंच कर भारी लालच देते हुए कंपनी मे जुड़ने के लिए कहा था, इसके बाद हमारे साथ कई लोग कंपनी में जुड़ गए। पीड़ित का आरोप है कि शोषण होने पर जब रुपये मांगे गए तो उपरोक्त संचालक आमादा फौजदारी हो गए। जिसे लेकर पीडितगणों ने थाने में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। देवधर द्विवेदी , महेश शुक्ला, रामजन्म,रामबरन, अंकित मिश्रा ,रूबी द्विवेदी ,केतकी द्विवेदी, वासुदेव द्विवेदी ,आशीष प्रताप सिंह ,लवी मिश्रा, मीना मो समीम ,सौरभ सिंह, राहुल कुमार मिश्रा,मनीष कुमार पांडेय, धर्मपाल, श्याम सुंदर गुप्ता, दुष्यंत कुमार पांडेय, सुरेश कुमार सिंह , दुर्गेश बहादुर।



## थाना रुधौली पुलिस ने किया पैदल मार्च, दिलाया सुरक्षा का भरोसा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती।रविवार को पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी जनपद



बस्ती के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी व उपजिलाधिकारी आनंद श्रीनेत तहसील रुधौली एव तहसीलदार केशरीनंदन त्रिपाठी तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार थाना रुधौली मय पुलिस बल द्वारा उच्चाधिकारीगण व शासन से प्राप्त आदेश निर्देश के तहत शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कस्बा रुधौली ,बखीरा तिराहा , डुमरियागंज मोड़ पर पैदल गस्त किया गया तथा लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई । किसी प्रकार की अफवाह को सोशल मीडिया या अन्य किसी भी माध्यम से प्रचार प्रसार से बचने के लिए बताया गया।

# बागी प्रत्याशी बिगाड़ सकते हैं चुनावी समीकरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर। नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा व सपा के बागी प्रत्याशी चुनावी समीकरण बिगाड़ सकते




हैं।भाजपा में अध्यक्ष पद के दावेदारों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनूप चंद गुप्त की पत्नी सविता गुप्ता,अमरनाथ गुप्त,देवानंद गुप्ता,रूपेश गुप्ता टिकट की होड़ में हैं। पार्टी नेतृत्व को इनमें से किसी एक को सर्वमान्य प्रत्याशी का चयन करने में कठिनाई हो रही है।ऐसे में पार्टी का टिकट न मिलने पर इनमें से कोई भी स्वतंत्र उम्मीदवार बनकर पार्टी का गुणा–गणित खराब कर सकता है।इसी तरह समाजवादी पार्टी में निवर्तमान नपाध्यक्ष स्वर्गीय मोहम्मद इदरीश खां की पत्नी अफसर जहां ,एजाज मलिक,रब्बू सिद्दीकी,डा०हिना कौशर,डा०मोहम्मद इसराईल राईनी,शाकिब महमूद,मोहम्मद शरीफ बीरे, मोहम्मद नसीर व मोहम्मद अबरार टिकट के दावेदारों में शामिल हैं। यहां भी टिकट न मिलने पर बागी प्रत्याशी चुनाव मैदान में कूद सकता है क्योंकि सपा के दो पूर्व विधायकों के बीच नगर में अलग–अलग प्रत्याशियों के सहारे अपना वर्चस्व कायम करने की कवायद हो रही है। इसी बीच बसपा ने अध्यक्ष पद के लिए दलित वर्ग से राजा भारती को भी चुनाव मैदान में उतार दिया है।जो भाजपा के परंपरागत वोटों सेंधमारी कर इस पार्टी के लिए मुसीबत बन सकता है। कांग्रेस पार्टी ने मंजूर कुरैशी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।इसी तरह सभासद प्रत्याशियों को लेकर भाजपा व सपा में गहन मंथन चल रहा है। फिलहाल अध्यक्ष व सभासद पद के प्रत्याशियों की घोषणा होने तक सभी दावेदार चुप हैं लेकिन कल तक पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा के बाद बागियों की रणनीति को लेकर परिदृश्य पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा।

# किसानों के लिए बैकयार्ड बकरी पालनः डा ऋषि कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा !सहायक आचार्य कृषि संकाय, नंदिनी नगर पी जी कालेज नवाबगंज गोंडा – बैकयार्ड बकरी पालन बहुत ही लाभकारी व्यवसाय होगा क्योकि कम पूँजी लगाकर इस व्यवसाय को प्रारम्भ किया जा सकता है। इस व्यवसाय को करने के लिए व्यक्तिगत, स्वयम सहायता समूह आदि के मध्यम से भी किया जा सकता है । देश मे बहुत सारे मजदूर वर्ग कृषि और पशुपालन दोनों एक दूसरे से जुड़े हुये हैं। अधिकांशतः लोगों की आजीविका कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर है। भारत में बकरी पालन की प्रथा सदियों पुरानी है। गरीब की गाय के नाम से मशहूर बकरी हमेशा ही आजीविका का सुरक्षित श्रोत मानी जाती है। बीते समय में, ग्रामीणों का मुख्य रोजगार पशु पालन होने के कारण वे इसी पर आश्रित रहते थे। लेकिन देश के विभिन्न भागों में, चारागाह भूमि और हरे चारे की कमी की वजह से पशु पालन, विशेष रुप से बकरी पालन, छोटे एवं घरेलू स्तर के पालकों के लिए कठिन हो गया है। चारागाह की कमी होने के कारण से मजदूर वर्ग के पास इतनी जमीन खेती योग्य नही है कि वह बड़े स्तर खेती कर सकें इस लिए उनको कम गजह मे रह कर भी बैकयार्ड बकरी पालन कर सकते है । यह प्रौद्योगिकी किसानों को कम समय में अधिक संख्या में बकरी पालन करने में मदद करती है। बकरियों की मांग भारत में बहुत बढ़ गयी है। बकरी भारत में मांस का मुख्य स्रोत हैं। इसका मांस बहुत पसंद किया जाता है तथा इसकी घरेलू मांग बहुत अधिक है। बकरियों से अच्छी गुणवत्ता का खाद भी प्राप्त होती है। आर्थिक दृष्टि से बहुत ही अच्छा व्यवसाय है जसको कम पूँजी मे भी किया जा सकता है । बैकयार्ड बकरी पालन हेतु बकरियों की विभिन्न नस्लें मांस व दुग्ध की निम्न प्रकार हैं– ब्लैक बंगाल, जमुनापारी, बीटल, बारबरी, सिरोही आदि नस्लों की बकरियों का पालन किया जा सकता है । किसान भाइयों को बकरियों के विषय अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि विश्वविद्यालयों व बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा से भी संपर्क करना चाहिए । बकरी पालन रोजगार का बेहतर साधन है इससे से सूखाग्रस्त तथा पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों का पलायन रुकेगा। बकरी पालन महिलाओं के लिए तो वरदान साबित हो सकता है क्योंकि इससे न सिर्फ महिलायें आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि उनको इससे रोजगार भी मिलेगा।

## क्या खोया क्या पाया,समाजवाद के 40 साल बनाम जुगाड़ वाद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

यह बात हर उस कार्यकर्ता के दिल की जो पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और ईमानदारी के प्रति वफादारी को लेकर अपना पूरा जीवन न्योछावर कर देता है कुछ तो ऐसे जिनकी दूसरी पीढ़ी भी पार्टी की सेवा कर रहे हैं पर नेता चुनाव में लंबे लंबे भाषण के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा तो खूब भरते हैं लेकिन जब उनके हक की बात आती है धन बल बाहुबली और जुगाड़ वाले स्काईलैब नेताओं की तरफ उनका ध्यान अग्रसर हो जाता है यह बात हर उस कार्यकर्ता की है जो अपने बीच के कुछ लोगों की मदद के लिए रात दिन एक कर देते हैं पर जब उनकी बारी आता है तो वह भी मुकर जाता हैऐसे ही एक नेता और समाजसेवी



सिद्धेश सिन्हा की हम बात कर रहे हैं जो अपने आप मे एक पूरा कुनबा लिए घूमते हैं समाजवादी विचारधारा की सेवा करने के लिए इनका परिवार जाना जाता है राजनीति में समाजवादी और लोहिया विचारधारा आगे बढ़ाने वाले उनके पिता की मृत्यु के बाद समाजवादी पार्टी में अपनी पूरी जिंदगी और जवानी लगा देने वाले सिद्धेश सिन्हा को लोग भली प्रकार से जानते हैं लेकिन जब टिकट की बात आती है तो उनके ही पार्टी के लोग उनसे आंखें चुराना सुरु कर देते हैं ऐसा तब है जब श्री सिन्हा के सामने राजनीतिक कैरियर शुरू करने वाले लोग उन्हें अच्छे और बुरे की सलाह देते हैं समाजवादी विचारधारा के इस सिपाही को सत्ता में भले ही कोई पद नहीं मिल सका और ना ही उनके परिवार को कोई बड़ी राहत ,फिर भी निष्ठा और ईमानदारी पार्टी में लगने वाली श्री सिन्हा को नगर पालिका के चेयरमैन की टिकट को लेकर पिछली बार निराशा ही हाथ लगी कारण वही जिनकी उन्होंने चुनाव में भरपूर मदद किया वही चंद लाभ के आगे अपने इस सिपाही को भूल गए इनसे और इनके जैसे कई कार्यकर्ताओं से नाता तोड़ दूसरी पार्टियों से आए नेताओं पर अपना भरोसा दिखाया और पार्टी मैं उन्हें टिकट दिया,सवाल यह है जो कार्यकर्ता पूरी जिंदगी पार्टी की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं उन्हें पार्टी टिकट देने से क्यों कतरा जाते हैं और धनबल के आगे अपनो कैसे भूल जाते हैं तो फिर कार्यकर्ता कहा जाये,, एक बार फिर धनबल और जुगाड़ के आगे निष्ठावान कार्यकर्ता की निष्ठा दांव पर लगी हुई है पार्टी के कार्यकर्ता ने कहा देखना यह है कि इस बार भी पार्टी टिकट धनबल को देती है या निष्ठावान कार्यकर्ता।

## गोंडा से गोवा में मजदूरी करने गए मजदूर की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा! गोंडा के गोवा में मजदूरी करने गए गोंडा निवासी अचानक सीने में दर्द होने हुई मौत गांव में सूचना गांव में मचा कोहराम जनपद गोंडा के ब्लॉक मनकापुर थाना मोतीगंज के ग्राम सोहास जो कहोबा पुलिस चौकी क्षेत्र के निवासी हैं वह कुछ दिन पहले मेहनत मजदूरी करने के लिए गोवा गए हुए थे जहां पर अचानक उनके सीने में शनिवार को दर्द हुआ दवा लाकर खाए और तबीयत ठीक भी हो गई जब रात में सोए तो सुबह नहीं उठे लोग वहां पहुंचे तो देखा कि दरवाजा बंद है दरवाजा तोड़ा तो वह अपने कमरे में मृत पड़े हुए थे यह देखकर लोग हड़बड़ा गए और इसकी सूचना उनके गांव थाना मोतीगंज क्षेत्र के ग्राम सोहास भेजा गया सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया गांव के लोगों ने बताया कि उनके शव को हवाई जहाज द्वारा लाया जा रहा है मौत की सूचना से गांव सहित पूरे क्षेत्र के लोग मित्र के घर पहुंचने लगे थे फिलहाल अभी शव गांव नहीं पहुंचा है।

## निकाय चुनाव सकुशल संम्पन्न कराये जाने को लेकर किया गया फ्लैग मार्च

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संत कबीरनगर।जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक



सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्तरुप से आगामी त्यौहार ईद व उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव–2023 को शांन्ति एवं सकुशल संम्पन्न कराये जाने व चुस्त–दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना दुधारा अन्तर्गत मय पुलिस बल के पैदल गश्त किया गया । फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से आदर्श आचार संहिता के पालन की अपील की गई व जगह–जगह रुककर आम जनता से बातचीत की गई तथा भयमुक्त वातावरण में मतदान करने का संदेश दिया गया साथ ही चुनाव ध त्यौहार में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गयी । मार्च के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद संतकबीरनगर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है । पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा श्री अनिल दूबे सहित अन्य अधिकारी ध कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# रोजा इफ्तार का हुआ आयोजन, अमन चौन के लिए मांगी गई दुआएं

## रोजा इफ्तार कार्यक्रम से भाईचारा को मिलती है मजबूती: माता प्रसाद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित कामरान काम प्लेस के मीडिया हाउस में एक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रोग्राम में शामिल होते हुए अमन व चौन के लिए दुआएं की। इफ्तार में शामिल लोगों ने 6रू25 बजे इफ्तार करने के बाद नमाज अदा कर देश के अमन–चौन व तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समुदाय के अलावा हिंदू समाज के लोगों ने भी भाग लिया। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में पहुंचे इटवा विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्रीय लोगों के बीच आपसी सौहार्द व भाईचारा को मजबूती मिलती है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हिन्दू मुस्लिम एकता को बल मिलता है। जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जरूरी है। कार्यक्रम के आयोजक राशिद फारुकी ने बताया कि प्रतिवर्ष की



तरह इस बार भी रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष काजी सोहेल अहमद, अतीकुर्रहमान राईनी, इरफान मलिक, संदीप अग्रहरी, विजय अग्रहरी,सुनील कुमार, ग्रापए के जिला अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, डॉक्टर नादिर सलाम, डॉ अफरोज खान, डॉ रफीउल्लाह, डॉक्टर बख्तियार उस्मानी, आरिफ उस्मानी, घिसियावन यादव, अजय यादव, अहमद फरीद अब्बासी, अजीम ओ शान फारुकी, शाहरुख अहमद, सोहेल फारुकी, सरताज फारुकी, मलिक अबू बकर, ताकीब रिजवी, जहीर फारुकी ,अफसर रिजवी, बेलाल फारुकी, शेख मुस्तफा, मिर्जा महबूब हसन, अमरजीत, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# आमने–सामने की भिड़न्त में ट्रकों के उड़े परखच्चे

## चालक व खलासी समेत 7 घायल 4 गम्भीर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के महुआ कला पेट्रोल पंप के समीप मिश्रानगर स्थित बांसी–इटवा मार्ग पर आमने सामने की भिड़न्त में दो ट्रकों के परखच्चे उड़ गए। ट्रकों में सवार सात लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचवाया गया है। घटना रविवार अपराह्न लगभग 2 बजे की है। इटवा की ओर से आ रही ट्रक यूपी 54 डी 0352 व बांसी की ओर से आ रही



ट्रक यूपी 93 एटी 7987 उक्त मार्ग पर मिश्रा नगर के समीप इस कदर टकराई कि बांसी की ओर से आ रही ट्रक पलट गई। दोनों ट्रकों का सामने वाला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों वाहनों में कुल 7 लोग सवार थे। जिसमें 4 की हालत गम्भीर बताई जा रही है। सूचना पर मय फोर्स तत्काल प्रभारी निरीक्षक बलजीत राव पहुंचकर राहत व बचाव कार्य कराए, और घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचवाया। मार्ग को जेसीबी से साफ कराया गया। घायलों में राकेश पुत्र रघुपति निवासी ग्राम दिघा थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर, इंद्रेश यादव पुत्र बलिराम यादव निवासी गौहनिया थाना बखिरा जनपद संत कबीर नगर, राम आशीष पुत्र बहरइची निवासी ग्राम भुजैनी थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर, श्याम मोहन पुत्र रूसे यादव निवासी ग्राम बेलरवा रजा थाना गौर जनपद बस्ती, टीमल पुत्र द्वारिका निवासी ग्राम दीघा थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर, संजय पुत्र राम ज्ञान निवासी ग्राम दीघा थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर, जितेंद्र पुत्र रामसुंदर निवासी ग्राम दीघा थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर शामिल हैं।

# सर्व प्रजापति शक्ति ने एक और बेटी की शादी में किया आर्थिक सहयोग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थ नगर। 15 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट मुंबई की टीम ने हमेशा की तरह पुनः शादी में जरूरतमंद परिवार की बेटी को को आर्थिक सहयोग किया । सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति, एडवोकेट शेषमणि प्रजापति एवं राजकुमार प्रजापति टीम सहित स्वयं प्रजापति परिवार के घर जाकर आर्थिक सहयोग बेटी एवं माँ के हाथों में दिए । कुमारी वंदना प्रजापति सुपुत्री स्वर्गीय संतलाल प्रजापति निवासी कुडजा बांसी तहसील, जिला सिद्धार्थनगर की निवासी है । 2 मई को वंदना की शादी उसी जिले में हो रही है । वंदना के पिता नही है और परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है । लोगो के सहयोग से शादी सम्पन्न किया जा रहा है यह जानकारी वंदना के रिश्तेदार जुगेश प्रजापति से सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट के संस्थापक अजय प्रजापति को मिली और उन्होंने इसका निरीक्षण करने के लिए संस्था को सिद्धार्थनगर टीम



को अवगत कराया एवं अध्यक्ष अरुण प्रजापति, सहयोगी शेषमणि प्रजापति, राजकुमार प्रजापति ने अवगत कराया कि वास्तव में सहयोग करना चाहिए ।तत्पश्चात संस्था ने सदस्यों एवं लोगो से अपील किया कि जो भी संभव हो सहयोग करने की कृपा करें । इस शुभ कार्य मे विभिन्न साथियों से सहयोग प्राप्त हुआ , अजय प्रजापति, सुधा प्रजापति, कमलेश प्रजापति, श्यामदेव, एडवोकेट शेषमणि प्रजापति, राकेश प्रजापति, गोरखपुर , मिनकुराम प्रजापति, ध्रवेश, सुरेंद्र प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार,रविन्द्र कुमार, लोकनाथ प्रजापति, रमेश कुमार, पारस पंडित,होशियार प्रजापति, मंजू देवी जी, रामजीत प्रजापति, इंद्रजीत प्रजापति, विनोद, अमित, अनिल पंडित,रमेश, विजय प्रजापति जयपुर, मुकेश कुमार प्रजापति, बृजेश प्रजापति (देवरिया), राजेश प्रजापति जी (कुर्ला), अजय प्रजापति (उज्जैन), गोविंद प्रजापति, एवं अन्य कई सहयोगी ने आर्थिक सहयोग किया । सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण प्रजापति, शेषमणि प्रजापति, राजकुमार प्रजापति इत्यादी स्वयं बेटी के घर जाकर रुपये 11,000ध– (रुपये इग्यारह हजार) का आर्थिक सहयोग सौपा ।परिवार ने संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्ति किया । संस्थापक अजय प्रजापति ने सभी दानदाताओं का धन्यवाद किया एवं कहा कि आगे भी अच्छे कार्य जारी रहेंगे ।

# सीओ सदर की अगुवाई में थाना उसका क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च'

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर ।सीओ अखिलेश वर्मा द्वारा एसओ दिनेश कुमार सरोज मय फोर्स के साथ रविवार को सुबह में ही पहुंचकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा के दृष्टिगत कस्बा में उसका राजा पुलिस बूथ, रेहरा, परती, सब्जी



मंडी, बैंक रोड आदि स्थानों पर होते हुए पैदल गस्त कर फ्लैग मार्च किया गया। शनिवार को देर रात में प्रयागराज हत्याकांड को लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई संवेदनशील जगहों पर पैदल गस्त किया जा रहा है। उसका क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पैदल गस्त किया गया । इस दौरान आपस में प्रेम सौहार्द बनाये रखने , शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी अपील की गयी।

# बांसी में प्रशासन ने किया संभावित प्रत्याशियों के साथ बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। नगर निकाय चुनाव



को शान्तिपूर्वक व सकुशल सम्पन्न कराने के लिये तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिये राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तहसील कार्यालय सभागार मे रविवार को प्रशासन के साथ संभावित प्रत्याशियों की बैठक संपन्न हुई ।बैठक को संबोधित करते हुए एस डी एम प्रमोद कुमार ने कहा कि आप सब आदर्श चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह पालन करे ।उन्होनें कहा की आचार संहिता का उलन्घन करने वाले के साथ सख्ती से निपटा जायेगा ।सी ओ देवी गुलाम ने कहा कि चुनाव मे यदि कही कोई दिक्कत होती है या कही कोई चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करने का प्रयास कर रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे । तहसीलदार संजीव कुमार दिक्षित ने कहा कि चुनाव मे शासन प्रशासन आपको जो दिशा निर्देश दे उसका पालन करे ।बैठक मे पूर्व नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी,राम शरण मोर्या ,विष्णू जायसवाल सोनू ,मंगल चौरसिया,मो इरफान,रामगोपाल अग्रहरि ,बजरंगी वर्मा ,हनुमान प्रसाद ,अकबर अली ,मंगरू प्रसाद, शिव रतन,अरुण गुप्ता आदि मौजूद थे ।

# कैरियर के माध्यम नेपाल भेज रहे अवैध सामग्री,तस्कर मालामाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

कपिलवस्तु ,सिद्धार्थनगर ।भारत नेपाल सीमा



से सटे गांव के रास्ते तस्करी कर खाद्याना सहित चीनी,कपड़ा, जूता, मुर्ग आदि को नेपाल पहुंचाया जा रहा है ।जिससे तस्कर मोटी रकम कमा रहे है। क्षेत्र के सीमा से सटे पकड़िहवा,मटियरिया,गौरी, अलीगढ़वा,नरकुल, लालपुर धनगढ़वा,से सरकारी राशन,चीनी, कपड़ा, मुर्ग की तस्करी की जा रही है। यही नहीं मटियरिया,अलीगढ़वा से मादक पदार्थ को भी पकड़ा जा चुका है। नरकूल,अलीगढ़वा से नेपाली सहित भारतीय मुद्रा का आदान प्रदान किया जा रहा है। जिसका उपयोग पीला, वा सफेद धातु खरीदने में किए जाने की सूचना है। हाल ही में अलीगढ़वा कस्बा में मोटे अनाज को एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्र ने सीज किया है। इस समय बजहा,नरकुल, धनगढ़वा,मटियरिया में अवैध तरीके से स्टोर किया जा रहा है। मौका देखते ही कैरियर नेपाल पहुंचा देते हैं। मुख्य तस्कर कैरियर के माध्यम राशन से प्रति क्विंटल चार से पाच सौ रूपये तक लाभ कमा रहे हैं। पकड़िहवा,अलीगढ़वा में कपड़ा डंप किया कर नेपाल भेजा जा रहा है। ये गांव थाना मोहाना,कोतवाली कपिलवस्तु, वा शोहरतगढ़ के क्षेत्र में पड़ता है।

# महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 18 अप्रैल से

### संगीतमय रामकथा में भाग लेंगे सूर्यकांताचार्य जी महाराज अयोध्या

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर ।डुमरियागंज। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के वटवासिनी महा काली मंदिर गालापुर लटेरा में श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन आगामी 18 अप्रैल से किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए वेद गर्भा वैदिक अनुसंधान एवं संवर्धन न्यास एवं मां वटवासिनी मंदिर समिति गालापुर के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडे ने बताया कि भव्य कलश यात्रा 18 अप्रैल को सुबह 7 बजे से निकाला जाएगा इसके बाद राम कथा का शुभारंभ उसी दिन शाम 5 बजे से होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रामकथा में सूर्यकांताचार्य अयोध्या प्रतिदिन कथा का रसपान कराएंगे। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रात्रि 9 बजे प्रतिदिन मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन किया जाएगा और 26 अप्रैल दिन बुधवार को हवन एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की है ।

# नाबालिग युवती को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बभनान ।थाना छपिया पुलिस ने एक नाबालिग युवती को



बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है। चौकी इंचार्ज बभनान योगेश कुमार सिंह ने बताया की न्यायालय के आदेश पर वांछित अभियुक्त शिवम पुत्र रामनरेश निवासी जमुनहा को गांव के बगल मोटर पावर के निकट सागौन के बगीचे से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# सड़क हादसे में 2 की मौत, 1 गम्भीर रूप से घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के छतहरी टैक्सी स्टैंड के पास व प्राथमिक विद्यालय के सामने भीषड़ सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 2 लोगों की मौके पर मौत हो गयी और 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक पकड़ी की तरफ से तेज रफ्तार



मोटरसाइकिल आ रही थी, किसी व्यक्ति को बचाते समय मोटरसाइकिल यूपी 55 एसी 3339 अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिया की ईंट भी टूट गयी।

जिसमें सवार 3 लोगों में मौके पर दो लोगों की मौत हो गयी और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर शोहरतगढ़ इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय मय फोर्स पहुँचकर प्राथमिक इलाज हेतु शोहरतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों में घायलों का इलाज कर उन्हें रेफर कर दिया ।मिली जानकारी के मुताबिक तीनों युवक जोगिया थाना क्षेत्र के सिसवा खुर्द के निवासी है, जिसमें संदीप पुत्र हरिश्चंद्र उम्र 25 वर्ष, राहुल पुत्र श्रीराम 25 वर्ष की मौके पर मौत हो चुकी थी और दुर्गेश पुत्र गया उम्र 26 गंभीर रूप से घायल था। शोहरतगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुँचकर उन्हें सीएचसी पहुँचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।

# गेंहू के डंठल को खेतो में न जलाएं–अनिल कुमार मिश्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। श्री सरयूजी मानव सेवा संस्थान के कैंप कार्यालय में रविवार को आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ समाजसेवी एवं जीव विज्ञान प्रवक्ता अनिल कुमार मिश्र ने गावों में बढ़ रही आगजनी को कैसे रोके नामक शीर्षक पर बोलते हुए कहा कि कंबाइन से कटे गेंहू के डंठल को खेतो में नही जलाए इससे वायु प्रदूषण तो होता ही है,साथ ही साथ खेतों में उपस्थित जीवाश्म भी नष्ट हो जाता है ।जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति भी समाप्त हो जाती है ।इधर कुछ दिनों से डंठलों के कारण गांवों में आगजनी की घटनाएं बढ़ी है ।इसे रोकना जैव समुदाय की सुरक्षा के लिए बहुत जरुरी है ।गोष्ठी को वेटरनरी छात्रा तनु पाण्डेय ने भी वीडियो कॉल के द्वारा संबोधित किया तनु ने कहा कि डंठल को खेतो में जलाने से पशुओं के चारे की कमी हो जाती है ।एक तरफ भूसा नही बन पाता है वही दूसरी तरफ हरी घास भी आवश्यक मात्रा में नही मिल पाता है। इन सभी कमियों के देखते हुए किसानों को खेतो में गेहूं के डंठलो को खेतों में नही जलाने की अपील की गई ।संस्था के सचिव वीरेंद्र पाण्डेय ने किसानों को खेतो में गेहूं के डंठल को नही जलाने की अपील की ।इस कार्यक्रम में शिव कुमार,सुरभि,राज,हर्ष, पंचम, दीनदयाल,गुड्डू,रुद्रांश,बजरंगी,अखिल,अमन,आलोक,बाबूराम,राज नारायण,कृष्ण कुमार,रामायण मिश्र डॉक्टर कपिल,प्रमोद पाण्डेय,अनिल कुमार चौबे,गणेश शुक्ल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**दुनिया के देशों ने अपनी जरूरत के लिए भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने और रिफाइन करके बेचने की अनुमति दी है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में भारत हमलावर रूस के साथ खड़ा दिख रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच भारत की छवि पर भी निश्चित रूप से असर हुआ है। दूसरे, रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदने का...**

# रूसी तेल का कारोबार




रूस अब भारत को सबसे ज्यादा कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला देश बना गया है। अब तक इराक से भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था लेकिन मार्च में रूस से भारत का आयात इराक के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा हुआ। यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों का शिकार बना है और एक समय ऐसा लग रहा था जैसे उसकी पूरी अर्थव्यवस्था बिखर जाएगी। लेकिन उसके कच्चे तेल ने उसके बचा लिया है और दुनिया के दूसरे कई देशों की अर्थव्यवस्था भी बचा ली है। असल में कारोबार की यही खूबी होती है उसमें तमाम राजनीतिक सीमाएं मिट जाती हैं। सोचें, रूस के ऊपर अमेरिका और यूरोप में बड़ी बड़ी पाबंदियां लगा रखी हैं और उन पाबंदियों की वजह से रूस उनको कच्चा तेल नहीं बेच सकता है लेकिन वह भारत को कच्चा तेल बेच सकता है, जिसे रिफाइन करके भारतीय कंपनियां अमेरिका और यूरोप के देशों को बेच सकती हैं। गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज की यह नीति सबको रास आ रही है। भारत को तेल की कीमत स्थिर बनाए रखने में इससे मदद मिल रही है तो अमेरिका और यूरोप को भी तेल व गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है और साथ ही रूस की आक्रामकता का विरोध करने की नीति भी जारी है। सबके फायदे वाली इस नीति का असर यह हुआ है कि रूस अब भारत को सबसे ज्यादा कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला देश बना गया है। अब तक इराक से भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था लेकिन पिछले महीने यानी मार्च में रूस से भारत का आयात इराक के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा हो गया। भारत ने रूस से मार्च में 16.4 लाख बैरल तेल आयात किया, जबकि मार्च में इराक से भारत का तेल आयात 8.1 लाख बैरल रहा। भारत को कच्चे तेल के आयात में इराक अब तीसरे स्थान पर चला गया है। दूसरे स्थान पर सऊदी अरब है, जिससे भारत ने पिछले महीने 9.86 लाख बैरल तेल आयात किया है। अमेरिका से भी भारत का कच्चे तेल का आयात कम हुआ है, जबकि अमेरिका को रिफाइन तेल के निर्यात में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के देशों ने अपनी जरूरत के लिए भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने और रिफाइन करके बेचने की अनुमति दी है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में भारत हमलावर रूस के साथ खड़ा दिख रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच भारत की छवि पर भी निश्चित रूप से असर हुआ है। दूसरे, रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदने का भारत के आम लोगों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। पिछले साल फरवरी में रूस से कच्चे तेल का आयात एक फीसदी से भी कम था, जो अब 34 फीसदी हो गया है लेकिन इस अवधि में भारत में तेल की कीमतों में कोई कमी नहीं आई है।

# नाग लक्ष्मी माता उर्मिला का त्याग अभूतपूर्व है



श्रीरामचरित मानस में भगवान लक्ष्मण के बारे में आप सभी भली भांति परिचित हैं। भगवान श्रीराम के साए की तरह वे प्रत्येक क्षण उनके साथ रहते हैं। जरा सोचिए श्री लक्ष्मण जी महाराज की पत्नी देवकन्या उर्मिला का क्या हाल हुआ होगा! न मोबाइल थी और न फोन, और न ही कोई संवाद ही था। माता उर्मिला की क्या दशा हुई होगी । आप अंदाजा लगाएं। किंतु माता धैर्य और समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। वे अखंड सौभाग्यवती हैं। माता उर्मिला को नाग लक्ष्मी या क्षीर सागरा का अंशावतार माना जाता है। वे तपस्विनी हैं। माता उर्मिला, माता सुमित्रा के जुड़वे संतानों लक्ष्मण और शत्रुघ्न में से भगवान लक्ष्मण की पत्नी थीं। वे राजा जनक की दूसरी बेटी थीं। राजा जनक की पुत्री और माता सीता की छोटी बहन के नाते वे कुछ बोल नहीं सकती थीं। श्री रामचरित मानस के ऐतिहासिक और पौराणिक पात्रों की एक बहुत बड़ी विशेषता यह भी है इसके पुरुष पात्र अपने परिवार में जितने मर्यादित हैं , स्त्री पात्र भी अपने पारिवारिक दायित्वों के प्रति उतनी ही अनुशासित हैं। 14 वर्ष बिना कुछ बोले हुए माता सुमित्रा की सेवा सुश्रुषा करना विश्व के किसी भी पौराणिक ऐतिहासिक पात्र में नहीं है। इसीलिए भारत, भारत है। यहां का ज्ञान और यहां की मनस्विता य त्याग, धैर्य, तपस्या, क्षमा और करुणा से अनुप्राणित है। आज की बेटियां पाश्चात्य संस्कृति से ग्रसित हैं। पश्चिम के प्रभाव ने संयुक्त परिवार की अवधारणा को क्षतिग्रस्त किया है। देवर्षि लक्ष्मण और माता सुमित्रा के दो पुत्र अंगद और चंद्रकेतु भी थे। अंगद ने अंगादीया पुरी और चंद्रकेतु ने चंद्रकांता पुरी की स्थापना की थी। एक स्त्री को संकट और विपत्ति के समय पति का साथ कैसे निभाना चाहिए, उसे माता उर्मिला के चरित्र से सीखना चाहिए। एक पत्नी का क्या धर्म होता है, उसे माता उर्मिला के चरित्र से सीखना चाहिए। विशेषकर भारत के गांवों में जब पति महानगरों में रहते हुए अपनी पत्नी और बच्चों को गांव के संयुक्त परिवारों में सास की सेवा इत्यादि के लिए छोड़ देते हैं तब इन बहुओं को माता उर्मिला के चरित्र का अनुकरण करना चाहिए।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# कर्नाटक में अल्पसंख्यक

**जबीन खानम इसे सही नहीं मानतीं। वो कहती हैं, इण्डिया में मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत है । उसके हिसाब से न तो विधानसभा में हम आवाज हैं, न तो संसद में हमारी आवाज है । एक तरह से सियासत से दूर किया जा रहा है । वो चाहते हैं कि हम अपने मसले पर आवाज न उठाएं, वो चाहते हैं कि दूसरे दर्जे के शहरी की तरह रहें । हमारे अधिकारों से हमें महरूम करना और हमारी समाजित हालत को बिगाडना...**

अजय दीक्षित

कई राज्यों में चुनाव होने हैं । चुनावी सरगर्मी के बीच मुस्लिम नेताओं की अपनी पार्टियों से मांग सामने आई है कि उन्हें चुनावों में अधिक सीटें दी जाएं । उनका दावा है कि राजनीति और समाज में उनका प्रतिनिधित्व घटता जा रहा है और मुस्लिम समुदाय हाशिए पर धकेला जा रहा है । दिसम्बर में 182 सीटों वाले गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे आये । इस चुनाव में सिर्फ एक मुस्लिम उम्मीदवार की जीत हुई और वे थे कांग्रेस के इमरान खेड़ावाला । पिछले विधानसभा चुनाव में गुजरात से तीन मुस्लिम विधायक चुने गये थे । लेकिन इस बार लगभग 10 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले राज्य गुजरात में केवल एक मुसलमान विधायक चुना गया है । लेकिन विधानसभाओं में मुसलमानों के प्रतिनिधित्व की कमी गुजरात या सिर्फ भाजपा शासित राज्यों तक ही सीमित नहीं है । विशेषज्ञों का कहना है कि अब कुछ गैर बीजेपी सरकारें और पार्टियां भी मुस्लिम उम्मीदवारों को हार के डर से टिकट देने या मंत्री बनाने से परहेज करने लगी हैं । कर्नाटक में अप्रैल या मई में विधानसभा की 224 सीटों के लिए मतदान होना है । पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी 224 में से 104 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी कांग्रेस को 80 सीटों पर और जनता दल सेक्यूलर (जेडीएस) को 37 सीटों पर जीत हासिल हुई थी कांग्रेस और जनता दल सेक्यूलर की मिली जुली सरकार बनी । लेकिन 15 विधायकों ने अपनी पार्टियों से विद्रोह करके भाजपा में शामिल होने का फैसला किया । फिर भाजपा ने सरकार बना ली । मुस्लिम समुदाय के केवल सात विधायक चुनाव जीत कर आये थे और वो भी सभी कांग्रेस पार्टी से । इस बार कांग्रेस और जेडीएस के मुस्लिम नेताओं ने अपनी पार्टियों से मुस्लिम उम्मीदवारों को अधिक टिकट देने की मांग की है । राज्य में लगभग 20 से 23 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम वोट काफी महत्वपूर्ण हैं । कर्नाटक में मुसलमानों की आबादी 13 फीसदी है कांग्रेस के मुस्लिम नेता विधानसभा की कुल 224 सीटों में से 21 से 23 सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा करने की मांग कर रहे हैं । उनके अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी अगर मुसलमानों को कांग्रेस ने 15–17 सीटें ही दीं, तो इससे समुदाय का बड़ा नुकसान होगा । कर्नाटक में कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद पार्टी के मौजूदा सात मुस्लिम विधायकों में से एक हैं। वो कहते हैं, आज हिन्दुस्तान में जो माहौल बनाया गया है, समाज में जिस तरीके से माइनॉरिटी मेजॉरिटी का खेल खेला जा रहा है और इसमें माइनॉरिटी को अलग करके मेजॉरिटी को जोडने की एक सियासत चल रही है, ये फासिज़्म का जो मॉडल पहले चला है सब जगह, वो हिन्दुस्तान में चल रहा है । जब आप माइनॉरिटी को अलग कर देंगे और मेजॉरिटी को आप अलग कर देंगे और आप चुनाव करवा देंगे, तो जाहिर सी बात है कि माइनॉरिटी कैंडिडेट थोड़ा डिसएडवांटेज में रहेगा । जैसे– जैसे कॉम्युनल पॉलिटिक्स बढ़ती है, तो माइनॉरिटीज के लिए बहुत बड़े चौलेंजेज हो जाते हैं । राज्य के धारवाड़ चुनावी क्षेत्र में कांग्रेस नेता इस्माइल टमटगर दो बार जेडीएस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन दोनों बार वो चुनाव हार गये । अब वो कांग्रेस पार्टी में हैं और वो कहते हैं, धाड़वार से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडना चाहते हैं । मुस्लिमों को पिछली बार 17 सीटें दी गई थीं, जिनमें से सात उम्मीदवार जीते थे । जीत का प्रतिशत 41 फीसदी है । कांग्रेस के टिकट पर कर्नाटक के अन्य प्रमुख समुदायों का जीत प्रतिशत 33 फीसदी है । प्रतिशत दूसरों की तुलना में बेहतर है, तो ये उचित है कि हम पिछली बार की तुलना में 4–5 सीटों की अधिक मांग करें । हिजाब के कारण पिछले साल कर्नाटक में बड़ा विवाद हुआ था । मुस्लिम नेताओं का दावा है कि इस कारण उनका समुदाय सामाजिक और राजनीतिक तौर पर हाशिए पर आ गया है । हिजाब का विरोध करने वाले हिन्दुओं का कहना है कि मुस्लिम लड़कियों को सरकारी स्कूलों में हिजाब पहन कर नहीं आना चाहिये, बल्कि दूसरे बच्चों की तरह उनको भी स्कूल यूनिफॉर्म पहनना चाहिये । दावणगेरे शहर में जबीना खानम एक मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं । वे बीड़ी मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़ती हैं । ये सभी मजदूर गरीब मुस्लिम समुदाय से हैं । उनका मानना है कि पिछले साल मुस्लिम समुदाय को अलग–थलग करने के लिए विवाद पैदा किए गए थे। वो कहती हैं, जब हिजाब विवाद समाप्त हुआ, तो हलाल मीट का बहिष्कार शुरू हो गया और जब वो विवाद खध्त्म हुआ तो अजान विवाद शुरू हो गया । परिणामस्वरूप मुस्लिम समुदाय भय में रहता श्रीराम सेने के संस्थापक प्रमोद मुतालिक ने पिछले साल राज्य में हिजाब विवाद के बाद मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान किया था । वो दावा करते हैं कि मुसलमानों के राजनीतिक हाशिए पर जाने की जम्मेदार कांग्रेस की तुष्टिकरण की पॉलिसी है । वे कहते हैं, चाहे विधायक का चुनाव हो या सांसद का, उनकी (मुसलमानों की घटती संख्या देखी जा सकती है । कांग्रेस पार्टी शुरुआत से मुसलमानों का बहुत अधिक तुष्टीकरण किया, जिसके कारण हिन्दू समाज एकत्रित होने लगा । जबीन खानम इसे सही नहीं मानतीं। वो कहती हैं, इण्डिया में मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत है । उसके हिसाब से न तो विधानसभा में हम आवाज हैं, न तो संसद में हमारी आवाज है । एक तरह से सियासत से दूर किया जा रहा है । वो चाहते हैं कि हम अपने मसले पर आवाज न उठाएं, वो चाहते हैं कि दूसरे दर्जे के शहरी की तरह रहें । हमारे अधिकारों से हमें महरूम करना और हमारी समाजित हालत को बिगाडना । कर्नाटक में मौजूदा विधानसभा में सभी सात निर्वाचित मुस्लिम विधायक कांग्रेस पार्टी से है । आगे देखें क्या होता है ?

**अगर ऐसा नहीं होता है तो यही माना जाएगा कि भाजपा और उसके शीर्ष नेताओं के लिए भ्रष्टाचार से लडना कोई प्रतिब)ता का मामला नहीं है, बल्कि चुनावी राजनीति का मामला है। वह सिर्फ जुबानी जमाखर्च करके कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों को बदनाम करती है और वोट लेती है। इसका यह भी मतलब होगा कि या तो घोटाला नहीं हुआ है और अगर हुआ है तो असली दोषियों को सजा दिलाने ...**

# भ्रष्टाचार पर जुबानी जमाखर्च!

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने श्कांग्रेस फाइल्सय नाम से दो एपिसोड की एक सीरिज बनाई है, जिसमें कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बताया गया है। यह सीरिज देखते हुए जो बात सबसे पहले दिमाग मे आई वह ये है कि इस देश में राजनीति और गवर्नेंस दोनों की अवधारणा सिर के बल खड़ी हो गई है यानी उलटी हो गई है। आमतौर पर सरकार के ऊपर विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार के आरोप लगाती हैं और जांच की मांग करती हैं। यहां उलटा हो रहा है। अब सरकार ही विपक्ष के ऊपर आरोप लगा रही है और पता नहीं क्यों जांच नहीं करा रही है, जबकि सारी एजेंसियां उसके पास हैं और एजेंसियां कहीं न कहीं जांच भी कर रही हैं। सवाल है कि इस उलटबांसी का क्या मतलब है? और उससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या आम आदमी को सरकार की ओर से विपक्ष पर लगाए गए आरोपों पर भरोसा करना चाहिए? भाजपा की ओर से बनाई गई श्कांग्रेस फाइल्सय की पहली कड़ी में चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले के बारे में बताया गया है। इसमें एक लाख 76 हजार करोड़ रुपए का संचार घोटाला शामिल है और कई लाख करोड़ रुपए का कोयला घोटाला भी शामिल है। इन दो घोटालों की ही रकम चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाती है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में यानी 2009 से 2014 के बीच हुई इन दो कथित घोटालों की बड़ी चर्चा हुई थी। इनके खिलाफ श्इंडिया अगेंस्ट करप्शनय का जन्म हुआ था और अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल का आंदोलन हुआ था। कांग्रेस के बुरी तरह से हार कर सत्ता से बाहर होने और नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने का सबसे बड़ा कारण ये दो घोटाले बने थे। इन दो के अलावा उस समय भाजपा ने आकाश से लेकर पाताल तक और धरती से लेकर हवा और अंतरिक्ष तक में घोटाले बताए थे। बहरहाल, जब नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने तो क्या सबसे पहले यह नहीं होना चाहिए था कि वे दो सबसे बड़े घोटालों– संचार और कोयला, की जांच कराते और दोषियों को सजा दिलाते? क्या किसी को पता है कि इन दोनों मामलों में क्या हुआ है? जो लोग श्कांग्रेस फाइल्सय के वीडियो शेयर कर रहे हैं उनको भी पता नहीं होगा कि संचार और कोयला घोटाले में क्या हुआ है। हकीकत यह है कि संचार घोटाले के तमाम आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए हैं। सीबीआई ने हाई कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील की है लेकिन ए राजा से लेकर कनिमोझी तक सब न सिर्फ जेल से बाहर हैं, बल्कि सांसद भी हैं। ए राजा तो लोकसभा में पीठासीन पदाधिकारियों के पैनल में भी हैं और सदन का संचालन भी करते हैं। इसी तरह कोयला घोटाले में कोई भी राजनेता जेल में नहीं है। तत्कालीन कोयला सचिव एचसी गुप्ता को छोड़ कर किसी को सजा नहीं हुई है। अगर किसी की स्मृति अच्छी हो तो याद कर सकता है कि कैसे 1989 के लोकसभा चुनाव में वीपी सिंह नाटकीय अंदाज में कागज का एक पुर्जा निकालते थे और सभाओं में लोगों को दिखा कर कहते थे कि इस पर उन लोगों के नाम हैं, जिनको बोफोर्स में रिश्वत मिली है और उनके खाते का नंबर है। सरकार बनते ही घोटालेबाज जेल में होंगे और पैसे उनके खाते से निकाले जाएंगे। वीपी सिंह तो प्रधानमंत्री हो गए लेकिन दोषी और उनके खातों का पता लगाने में एजेंसियों को 20 साल लग गए। वही कहानी संचार और कोयला घोटाले में दोहराई जा रही है।

इसी तरह श्कांग्रेस फाइल्सय की दूसरी कड़ी में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के कथित घोटाले का जिक्र है। इसमें कहा गया है कि कैसे एक पेंटिंग जबरदस्ती एक कारोबारी को दो करोड़ रुपए में बेची गई और उस पैसे का इस्तेमाल सोनिया गांधी के इलाज में किया गया। एक अलग घटनाक्रम में यस बैंक के पूर्व चेयरमैन राणा कपूर ने कहा था कि उनको पेंटिग खरीदने के लिए मजबूर किया गया था। ध्यान रहे पेंटिंग एमएफ हुसैन की है और उसकी दो करोड़ रुपए कीमत कोई ज्यादा नहीं है। इसके बावजूद अगर इसमें कोई आपराधिकता है या श्क्विड प्रो कोय है यानी पेंटिंग खरीदने के बदले में राणा कपूर को कोई मदद पहुंचाई गई थी तो उसकी जांच करके सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को सजा क्यों नहीं दी जा रही है? हकीकत यह है कि इस मामले में अभी तक कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं है।

ऐसा नही है कि इतने ही मामले हैं, जिनमें सरकार की ओर से आरोप लगाए गए हैं और न कोई सबूत पेश किया गया है और न कोई कार्रवाई हुई है। ऐसे अनगिनत मामले हैं। जैसे फरवरी के महीने में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मेघालय में प्रचार करते हुए कहा कि कोनरेड संगमा की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। अगर केंद्र सरकार का नंबर दो मंत्री यह बात कह रहा है तो उसके पास जरूर कोई सबूत होंगे। लेकिन उन सबूतों के आधार पर कोनरेड संगमा के खिलाफ मुकदमा करने और उन पर कार्रवाई करने की बजाय दो मार्च को आए नतीजों के बाद भाजपा ने उनके साथ फिर सरकार बना ली। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने गए तो उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार कांग्रेस के लिए हमेशा एटीएम की तरह रही है। उन्होंने पहले भी कर्नाटक से दिल्ली पैसा भेजे जाने का आरोप लगाया था। तो क्या ऐसा नहीं होना चाहिए कि केंद्र सरकार की एजेंसियां उस एटीएम का पता लगातीं, दिल्ली पैसा भेजे जाने की छानबीन करतीं और दोषी नेताओं पर कार्रवाई करतीं? लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। तभी सवाल है कि ऐसे आरोपों का क्या मतलब है? भ्रष्टाचार पर इस तरह की जुबानी जमाखर्च से क्या हासिल होगा? अगर इतने बड़े घोटाले करने वालों पर कार्रवाई नहीं होगी तो क्या उससे भ्रष्टाचारियों के हौसले नहीं बढ़ेंगे? कायदे से सरकार को आरोप लगाने की बजाय कार्रवाई करनी चाहिए। संचार घोटाला, कोयला घोटाला, आदर्श घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, देवास घोटाला से लेकर कोनरेड संगमा और कर्नाटक कांग्रेस के कथित घोटाले की पूरी सख्ती से जांच करानी चाहिए और दोषियों को सजा दिलानी चाहिए।



# सुपरकिंग्स और आरसीबी के बीच मुकाबले में धोनी की फिटनेस पर रहेंगी नजरें

बेंगलुरू। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की टीम सोमवार को यहां रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें बीच के ओवरों में रन गति बढ़ाने पर टिकी होंगी और साथ ही टीम को उम्मीद होगी कि घुटने की हल्की चोट के बावजूद उसके प्रेरणादायी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मैच में खेलेंगे। अब तक उतार–चढ़ाव भरे अभियान के बाद दक्षिण भारत की ये दो टीम जब चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने–सामने होंगी तो दोनों की नजरें लय हासिल करने पर टिकी होंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही धोनी अपने घुटने को लेकर परेशान हैं लेकिन अब तक उन्होंने टीम की ओर से चारों मुकाबले खेले हैं। सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन को उम्मीद है कि धोनी आरसीबी के खिलाफ टीम की अगुआई करेंगे।

उन्होंने 'पीटीआई' से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि वह मैच से बाहर रहेगा लेकिन हमें कल शाम तक इंतजार करना होगा।'' इस हफ्ते घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार के दौरान धोनी को लड़खड़ाते हुए देखा गया था जिससे आरसीबी के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता को लेकर सवाल उठाने लगे थे। धोनी रॉयल्स के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे लेकिन प्रभाव छोड़ने में सफल रहे और उनकी टीम के पास अंतिम गेंद तक जीत दर्ज करने का मौका था। सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे अपना काम बखूबी कर रहे हैं जबकि तीसरे नंबर पर अजिंक्य रहाणे ने भी प्रभावित किया है लेकिन मध्य क्रम से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अंबाती रायुडू, शिवम दुबे और रविंद्र जडेजा जैसे बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए हैं।



टीम का गेंदबाजी विभाग भी चोटों से परेशान है। पहले दीपक चाहर बाहर हो गए और अब तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला के भी कम से कम दो हफ्ते बाहर रहने की आशंका है। स्टार ऑल राउंडर बेन स्टोक्स के भी इस महीने के अंत तक ही पूर्ण फिटनेस हासिल करने की उम्मीद है। दूसरी तरफ पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली आरसीबी की टीम इस लय को बरककार रखने की कोशिश करेगी। विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं और टीम के लिए तेजी से रन जुटा रहे हैं।

कोहली के साथ पारी का आगाज कर रहे कप्तान फाफ डुप्लेसी भी उनका अच्छा साथ निभा रहे हैं। सुपरकिंग्स की तरह आरसीबी का मध्यक्रम भी उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाया है। ग्लेन मैक्सवेल ने प्रभावी रन रेट से रन जुटाए हैं लेकिन शाहबाज अहमद और महिपाल लोमरोर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिनेश कार्तिक मौजूदा सत्र में 'फिनिशर' की भूमिका में प्रभावित नहीं कर पाए हैं। गेंद से मोहम्मद सिराज ने प्रभावी प्रदर्शन किया है लेकिन टीम को डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल से बेहतर गेंदबाजी की उम्मीद होगी जिन्होंने चार मैच में लगभग 11 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। टीम इस प्रकार हैं: चेन्नई सुपर किंग्सः महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोईन अली, बेन स्टोक्स, रविंद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसांडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हेंगरगेकर, मिशेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्षणा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद और तुषार देशपांडे। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोररू फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक, शहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलेन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, वेन पार्नेल, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव और माइकल ब्रेसवेल। समयः मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## विलय और अधिग्रहण के लिए अच्छे अवसर, पेशकश आई तो विचार करेंगेः इन्फोसिस

नयी दिल्ली। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख ने कहा है कि वर्तमान में अधिग्रहण और विलय के क्षेत्र में अच्छा माहौल है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी मजबूत रणनीतिक और सांस्कृतिक प्रस्ताव देने वाली कंपनियों पर विचार करेगी। पारेख ने कहा, "इन्फोसिस जहां अधिग्रहण के लिए अच्छे प्रस्तावों पर हमेशा तैयार रहती है, वहीं ऐसे प्रस्ताव तलाश करने के लिए यह अच्छा माहौल है।" उन्होंने कहा कि इन्फोसिस अधिग्रहण और विलय के मामले में 'अच्छे प्रस्तावों को तलाश रही' है। इन्फोसिस के शीर्ष अधिकारी ने मार्च, 2023 तिमाही के परिणामों की घोषणा करते हुए कहा, "...और यह एक अच्छा माहौल है।



हमारे पास बहुत अच्छे आंकड़े हैं। अगर हमें कोई कंपनी या इकाई मिलती है, जो रणनीतिक के साथ सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त लगती हो तो हम उस पर विचार करेंगे।" वह एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे कि क्या अमेरिका का कमजोर व्यापक माहौल और वैश्विक अस्थिरता विलय और अधिग्रहण के क्षेत्र में लाभदायक माहौल दे रहा है। इन्फोसिस ने इसी सप्ताह मार्च, 2023 तिमाही परिणाम जारी किए हैं।मार्च तिमाही में कंपनी के शुद्ध लाभ में अपेक्षा से कम वृद्धि हुई है।

इसके बाद कंपनी ने अमेरिका के बैंकिंग बाजार में डांवाडोल स्थिति के बाद वित्त वर्ष 2023–24 के लिए चार–सात प्रतिशत का राजस्व वृद्धि अनुमान जारी किया है। भारत की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सेवाप्रदाता कंपनी ने जनवरी–मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत वृद्धि के साथ 6,128 करोड़ रुपये दर्ज किया। इससे पिछली अक्टूबर–दिसंबर तिमाही से लाभ में सात प्रतिशत की गिरावट आई है।

## चीन ने ताइवान की ओर उपग्रह छोड़ा, उड़ानों में देरी

ताइपे। चीन की ओर से उपग्रह छोड़े जाने के कारण रविवार को उत्तरी ताइपे में उड़ानों में देरी हुई। इस उपग्रह का मलबा राजधानी ताइपे के उत्तरी क्षेत्र में समुद्र में गिरा। इस प्रक्षेपण के पीछे स्पष्ट रूप से कोई सैन्य उद्देश्य नहीं था, लेकिन यह उपग्रह इस महीने की शुरुआत में ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग–वेन की अमेरिका यात्रा के जवाब में चीन की ओर से व्यापक सैन्य अभ्यास के बाद छोड़ा गया है। त्साई ने अमेरिकी यात्रा के दौरान कैलिफॉर्निया में प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी से मुलाकात की थी। पिछले सप्ताह के अंत में तनाव चरम पर था और चीन ने 200 से अधिक बार ताइवान की ओर लड़ाकू विमान भेजे थे, जबकि चीनी नौसेना के जहाजों ने ताइवान के आसपास चक्कर लगाए थे।



चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और कई बार यह कह चुका है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह बलपूर्वक ताइवान को अपने क्षेत्र में मिला लेगा। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने मीडिया में एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उसे सुबह नौ बजकर 36 मिनट के आसपास उत्तर–पश्चिमी चीन में जियुकुआन अड्डे से प्रक्षेपण के बारे में पता चला है। बयान में कहा गया है कि उपग्रह ले जा रहे रॉकेट के कुछ हिस्से ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में गिरे, हालांकि उनसे "हमारे राष्ट्र के क्षेत्र" को कोई खतरा नहीं है। चीन ने पूर्वी चीन सागर क्षेत्र के एक हिस्से से उड़ानों के गुरजने पर 27 मिनट की रोक लगाने की घोषणा की थी, जिसके चलते ताइपे के सोंगशैन हवाई अड्डे से जापान रवाना होने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## रूबलेव और रूने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में

मोनाको। पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव ने वर्षा से प्रभावित



सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आठवें वरीय अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 5–7, 6–1, 6–3 से हराकर दूसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। दो साल पहले यहां फाइनल में शिकस्त झेलने वाले रूस के रूबलेव फाइनल में छठे वरीय डेनमार्क के डेन होल्गर रूने से भिड़ेंगे। रूबलेव अगर जीत दर्ज करते हैं तो यह उनके करियर का 13वां और मास्टर्स स्तर का पहला खिताब होगा। रूने ने भी दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 1–6, 7–5, 7–5 से जीत दर्ज की।

## रीयाल मैड्रिड ने केडिज को 2–0से हराया

बार्सीलोना। रीयाल मैड्रिड ने चौंपियन्स लीग क्वार्टर फाइनल



के दूसरे चरण में चेल्सी के खिलाफ मुकाबले से पहले कई शीर्ष खिलाड़ियों को आराम देने के बावजूद स्पेनिश लीग फुटबॉल में केडिज को 2–0से हरा दिया। मैड्रिड की ओर से दूसरे हॉफ में नैचो (72वें मिनट) और मार्को एसेंसियो (76वें मिनट) ने गोल दागे। दूसरे स्थान पर चल रही मैड्रिड की टीम इस जीत के बावजूद शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना से 10 अंक पीछे है। बार्सीलोना को रविवार को गेटाफे से भिड़ना है। मैड्रिड की टीम मंगलवार को चेल्सी से भिड़ेगी जिसके खिलाफ चौंपियन्स लीग के पहले चरण में उसने 2–0 से जीत दर्ज की थी। रीयाल बेटिस इस बीच इस्पानयोल को 3–1 से हराकर शीर्ष चार में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है जो उसे चौंपियन्स लीग में जगह दिला देगा। बेटिस की टीम अब पांचवें स्थान पर पहुंच गई है और चौथे स्थान पर मौजूद रीयाल सोसीदाद से सिर्फ तीन अंक पीछे है जिसे एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 0–2 से हार झेलनी पड़ी।


**कार्यालय : ग्राम पंचायत–महदेइया**
**विकास खण्ड–इटवा,जनपद–सिद्धार्थनगर**

**–ःअल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचनाः–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 26.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 26.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **डबरा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी। **नियम व शर्त ः–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **डबरा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **डबरा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **डबरा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
| --- | --- |
| **संगीता** | **विजय पाल मौर्य** |
| ग्राम पं0–डबरा | ग्राम पंचायत–डबरा |
| वि0 खंड–इटवा | वि0 खंड–इटवा |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |


## सूडान में सेना व अर्द्धसैनिक बल के बीच संघर्ष, एक भारतीय समेत 56 की मौत

खार्तूम/नयी दिल्ली। सूडान की राजधानी खार्तूम और अन्य इलाकों में सेना तथा अर्द्धसैनिक बल के बीच संघर्ष में एक भारतीय समेत कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई है। डॉक्टरों के एक संगठन ने रविवार को बताया कि हिंसा में कम से कम 595 लोग जख्मी हुए हैं। इस संघर्ष से लोकतंत्र बहाल करने की उम्मीदों को एक बार फिर झटका लगा है। सेना और उसके पूर्व साझेदार तथा अब प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्स समूह (आरएसएफ) के बीच महीनों के तनाव के बाद संघर्ष हुआ है। अब्देल फतेह अल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना ने एक बयान में आरएसएफ के साथ बातचीत से इनकार करते हुए इसे भंग करने की बात कही है और इसे 'बागी मिलिशिया' करार दिया है। वहीं अर्द्धसैनिक समूह 'आरएसएफ' ने सशस्त्र बलों के प्रमुख को 'अपराधी' बताया है। वर्ष 2021 में देश में तख्तापलट हुआ था और अब इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि दोनों के बीच संघर्ष जारी रह सकता है। जनरल मोहम्मद हमदान दागलो की अगुवाई वाले आरएसएफ का सशस्त्र बलों में एकीकरण को लेकर सहमति न बन पाने की वजह से यह तनाव उत्पन्न हुआ है। हिंसा शनिवार सुबह शुरू हुई। राजधानी खार्तूम में अराजक स्थिति है, जहां लड़ाके ट्रक पर रखी मशीन गन से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे हैं। सेना ने शनिवार शाम एक बयान में बताया था कि उसके सैनिकों ने उम्म दुरमान शहर स्थित आरएसएफ के सभी अड्डों पर कब्जा कर लिया है, जबकि लोगों ने बताया कि राजधानी के आसपास अर्द्धसैनिक बल की चौकियों पर हवाई हमले किए गए हैं। रविवार तड़के तक 56 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 595 लोग जख्मी हुए हैं। इस बीच खार्तूम में भारतीय दूतावास ने बताया कि मृतकों में एक भारतीय भी शामिल है, जिसकी पहचान अल्बर्ट ऑगस्टाइन के तौर पर हुई है। वह सूडान में डल ग्रुप कंपनी में काम करता था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिक की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि खार्तूम की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और भारत उस देश के घटनाक्रमों पर नजर रखेगा। भारतीय मिशन ने ट्वीट किया, "बताया गया है कि सूडान में डल ग्रुप कंपनी में काम करने वाले भारतीय नागरिक श्री अल्बर्ट ऑगस्टाइन को कल एक गोली लगी थी, जिस वजह से उनकी मौत हो गई।" उसने कहा, "दूतावास आगे की व्यवस्था करने के लिए परिवार और चिकित्सा अधिकारियों के संपर्क में है।" विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वह भारतीय नागरिक की मौत से 'बहुत दुखी' हैं। उन्होंने ट्वीट किया, "दूतावास परिवार को पूरी सहायता देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।" इस बीच, कूटनीतिक दबाव बढ़ता दिखाई दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री, संयुक्त राष्ट्र महासचिव, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख, अरब लीग के प्रमुख और अफ्रीकी संघ आयोग के प्रमुख सहित शीर्ष राजनयिकों ने दोनों पक्षों से लड़ाई बंद करने का आग्रह किया।

## फेडएक्स के सीईओ राज सुब्रमण्यम को मिला प्रवासी भारतीय सम्मान

वाशिंगटन। वैश्विक परिवहन कंपनी फेडएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राज सुब्रमण्यम को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान से नवाजा गया है। यह विदेश में रहने वाले भारतीय मूल या भारतवंशी व्यक्ति को भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। सुब्रमण्यम (55) को शनिवार को वाशिंगटन में स्थित इंडिया हाउस में आयोजित एक समारोह में अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने यह पुरस्कार प्रदान किया। सुब्रमण्यम इस साल की शुरुआत में भारत में आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन में हिस्सा नहीं ले सके थे। इस मौके पर प्रवासी भारतीय सम्मान पाने वाले दर्शन सिंह धालीवाल भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो के साथ राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और भारतीय मूल के कई अमेरिकी नागरिक भी उपस्थित थे। सुब्रमण्यन फेडएक्स के अध्यक्ष और सीईओ हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी परिवहन कंपनियों में से एक है। उनके अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व के अनुभव और गहरी व्यावसायिक अंतर्दृष्टि ने फेडएक्स की सफलता में अत्यधिक योगदान दिया है।




# सत्ता को लेकर सूडान सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच संघर्ष में 56 की मौत, 600 घायल, गोली लगने से भारतीय की मौत

सूडान में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि सूडान में काम करने वाले एक भारतीय नागरिक को शनिवार को एक अज्ञात शख्स ने गोली ने गोली मार दी जिसके बाद उसने दम तोड़ दिया। ईएएम एस जयशंकर ने कहा, ष्दूतावास परिवार को पूरी सहायता देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। खार्तूम की स्थिति एक बड़ी चिंता का विषय है। हम विकास की निगरानी करना जारी रखेंगे।ष सेना और अर्धसैनिक बल के बीच शक्ति संघर्ष ने सूडान को हिलाकर रख दिया। अभी तक इसमें 56 लोगों की मौत हो गई और लगभग 600 लोग घायल हो गए। राजधानी खार्तूम में संघर्ष जारी है। प्रतिद्वंद्वी ताकतें राष्ट्रपति महल, राज्य टीवी और सेना मुख्यालय पर लड़ रही थीं। सूडानी डॉक्टर्स यूनियन ने कहा कि पश्चिमी दारफुर क्षेत्र और उत्तरी शहर मेरोवे में सैन्य और आरएसएफ कर्मियों सहित कई अनगिनत हताहत हुए हैं।



रॉयटर्स के अनुसार, सूडान की सेना ने देश पर फिर से नियंत्रण स्थापित करने के लिए राजधानी के पास एक अर्धसैनिक बल के ठिकाने पर हवाई हमले शुरू किए और नागरिक शासन में संक्रमण के प्रयासों की धमकी दी। भारी लड़ाई के एक दिन के अंत में सेना ने ओमडुरमैन शहर में सरकार के अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) से संबंधित एक आधार पर हमला किया, जो कि राजधानी खार्तूम से सटे हुए हैं।

सेना ने उन दावों को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया कि आरएसएफ ने राष्ट्रपति महल, सेना प्रमुख के आवास, राज्य टेलीविजन स्टेशन और उत्तरी शहर मेरोवे, एल फशेर और पश्चिम दारफुर राज्य में खार्तूम में हवाई अड्डों को जब्त करने का दावा किया। सूडानी वायु सेना ने आरएसएफ गतिविधि का हवाई सर्वेक्षण करते समय लोगों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है, और खार्तूम राज्य में रविवार को अवकाश घोषित किया गया है, स्कूलों, बैंकों और सरकारी कार्यालयों को बंद कर दिया गया है। शनिवार तड़के मारपीट शुरू हो गई। भारी गोलीबारी की आवाज पूरे दिन राजधानी और उसके आस–पास के इलाकों में सुनी जा सकती थी, जहां सेना और आरएसएफ ने तख्तापलट के बाद से दसियों हजार सैनिकों को इकट्ठा किया था। सेना प्रमुख जनरल अब्देल फतह अल–बुरहान ने अल जजीरा टीवी से कहा कि आरएसएफ को पीछे हटना चाहिए– ष्हमें लगता है कि अगर वे बुद्धिमान हैं तो वे खार्तूम में आए अपने सैनिकों को वापस कर देंगे। लेकिन अगर यह जारी रहता है तो हमें अन्य देशों से खार्तूम में सेना तैनात करनी होगी।ष

## चौदह पेटी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

देवरिया । स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में तीन को पकड़ा। उनके पास से 14 पेटी शराब बरामद की। प्रभारी निरीक्षक अपने सहयोगियों के साथ रामपुर बुजुर्ग चौराहे पर वाहनों की जांच कर रहे थे। उसी समय मुखबिर ने सूचना दी कि रामपुर बुजुर्ग अंग्रेजी शराब भट्ठी की तरफ से शराब भरी गाड़ी बिहार जाने वाली है। वहां एक कार रामपुर बुजुर्ग स्थित शराब दुकान की तरफ से आती दिखाई दी। पुलिस उसे रोकनी चाही तो चालक भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस ने गाड़ी सहित उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान गाड़ी से 14 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने अपना नाम रामप्रकाश यादव पुत्र बच्चा प्रसाद, चंदन कुमार पुत्र ललन रॉय व विकास कुमार पुत्र सिपाही राय भरपुरा ब्रह्मस्थान थाना सोनपुर, छपरा बिहार बताया। थानाध्यक्ष मुकेश मिश्रा ने बताया कि तीनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 33 शिक्षक संबद्ध, बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

महराजगंज। जिले के 18 वनग्रामों में बने परिषदीय विद्यालयों को बेहतर ढंग से संचालित करने व बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए जिले के 33 शिक्षकों को विद्यालयों से संबद्ध कर दिया गया है। उनके आ जाने से इन विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी। जिले में कुल 18 वनग्राम हैं। इनमें रहने वाले बच्चों को कुछ जगहों पर सिर्फ प्राथमिक स्तर की शिक्षा प्रदान की जाती है तो कुछ जगहों पर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक दोनों स्तर की। वनग्रामों में पहले झोपड़ी अथवा खुले स्थान में किसी रह बच्चों को शिक्षित करने का प्रयास किया जाता था। इससे बच्चों को कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता था। जबकि सभी जगहों पर विद्यालय बनकर तैयार हो गए हैं। जल्द ही उन्हें बेसिक शिक्षा विभाग को हस्तगत करना है। विभाग ने विद्यालयों को अच्छे तरीके से चलाने के लिए ही शिक्षकों को तैनात किया है। प्राथमिक विद्यालय– प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर व कंपार्ट 24 में एक–एक, कंपार्ट 26, 27 व बेलासपुर में तीन–तीन, बरहवा व उसरहवा में चार–चार, दौलतपुर में पांच एवं चेतरा, भारीबैसी व सूरपार में दो–दो शिक्षकों को संबद्ध किया गया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय– पूर्व माध्यमिक विद्यालय भारीबैंसी में तीन, बीट नर्सरी में व कंपार्ट 26 व 27 में एक–एक शिक्षकों को संबद्ध किया गया है। 2500 से अधिक बच्चों को मिलेगा लाभः उपरोक्त स्कूलों में शिक्षकों के संबद्ध होने से व पढ़ाई होने से 2500 से अधिक विद्यार्थियों को सीधे तौर पर लाभ प्राप्त हो सकेगा।

## स्कूल की छुट्टी के बाद नहीं लगा जाम, यातायात पुलिस ने लिया संज्ञान

महराजगंज। शहर में स्कूलों की छुट्टी के बाद सड़क पर जाम लगने से होने वाली दुश्वारियों को अमर उजाला ने 14 अप्रैल के अंक में स्कूल से छुट्टी के बाद जाम और खतरों का इम्तिहान, बच्चे परेशान शीर्षक से खबर प्रकाशित किया। खबर में अभिभावकों की पीड़ा को बयां करने के साथ ही तस्वीरों के जरिए समस्या को दर्शाया गया। समस्या पर यातायात पुलिस अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजगता दिखाते हुए प्रमुख स्थानों पर यातायात व्यवस्था संभालने में जुटी रही। करीब घंटे भर यातायात पुलिस ने पसीना बहाया। विद्यार्थियों की मुश्किल को दूर करने के साथ ही उनको सुरक्षित बस में सवार कराने में मदद की गई। अभिभावकों ने अमर उजाला के प्रयास को सराहा है।

निचलौल रोड पर स्कूल की छुट्टी होने पर यातायात पुलिस विशप एकेडमी के पास पहुंची। यातायात पुलिस को पहुंचते ही सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से ऑटो खड़ी कर समस्या उत्पन्न करने वाले किनारा कस लिए। स्कूल के सामने सड़क पर पूरी जगह बना दी गई। सोनपति देवी महिला महाविद्यालय चौराहे तक यातायात पुलिस ने मुकम्मल इंतजाम किया। इससे स्कूल बसें आसानी गुजर गईं। छात्रों को घर पहुंचने में देरी नहीं हुई। नगर सहकारी बैंक के पास मोड पर भी यातायात पुलिस अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में जुटी रही। विद्यार्थियों को सुरक्षित ढंग से सड़क पार कराया गया। विशप एकेडमी के प्रधानाचार्य जीएस गिरि ने बताया कि यातायात पुलिस की सक्रिता से . समस्या नहीं हुई। सभी बसें बगैर जाम में फंसे आगे बढ़ गईं। डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक रंजन ने बताया कि बस चालक ने आकर बताया कि शहर में जाम नहीं लगा है। बच्चों को समय से घर छोड़ दिया गया है। उन्होंने यातायात पुलिस के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अमर उजाला मुद्दों को उठाने के साथ ही मुकाम तक पहुंचाता है।

## निकाय चुनाव में आप ने घोषित किये 12 उम्मीदवार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष पतिराम आजाद ने निकाय चुनाव में हर्रैया नगर पंचायत से आदित्य पाण्डेय को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है। इसी कड़ी में शनिवार को 11 वार्डो के सभासदों की सूची जारी की गई।रूधौली वार्ड नं. 15 से शकील मोहम्मद, वार्ड नं. 12 से मोहित गुप्ता, नगर पालिका परिषद बस्ती में



वार्ड संख्या 3 से साजिदा खातून, वार्ड संख्या 10 से आशिया परवीन, वार्ड संख्या 25 से सौरभ गुप्ता, नगर पंचायत बनकटी के वार्ड संख्या 1 से राकेश उर्फ रामकेश, वार्ड संख्या 9 से अजय कुमार पाण्डेय, वार्ड संख्या 7 से रामकरन, वार्ड संख्या 15 से मसलउद्दीन, नगर पंचायत नगर बाजार के वार्ड सं. 9 से प्रिया गुप्ता, नगर पंचायत मुण्डेरवा में वार्ड संख्या 9 से प्रेम कुमार को प्रत्याशी घोषित किया है।' आप' जिलाध्यक्ष पतिराम आजाद ने बताया कि क्रमवार सहमति के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी की जा रही है। अति शीघ्र बस्ती नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही अन्य उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जायेगी।

# हो जाएं सतर्क, कोरोना संक्रमित डॉक्टरों के संपर्क में आए लोग घूम रहे लोगों के बीच

देवरिया । कोरोना संक्रमित मिले दो डॉक्टरों के संपर्क में आए लोगों को स्वास्थ्य विभाग अब तक ढूंढ नहीं सका। जिले से कोई टीम संबंधित स्थानों पर गई ही नहीं। ऐसे में लोगों को और सचेत रहना होगा, क्योंकि ऐसा भी हो सकता है कि कुछ और संक्रमित लोगों में संक्रमण फैलाते जा रहे हों। हालांकि, देसही देवरिया क्षेत्र में दो और लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। आई रिपोर्ट में देसही देवरिया ब्लॉक के अलग–अलग गांवों के दो लोगों की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। दोनों को होम आइसोलेशन रखा गया है। वहीं पीएचसी भागलपुर में मिले केस को बलिया जिले को ट्रांसफर कर दिया गया है। दूसरी ओर, मेडिकल कॉलेज में न तो मरीज–तीमारदार सतर्क दिखे और न ही कोई सख्ती नजर आई। लोग बिना मास्क व शारीरिक दूरी के एक–दूसरे से सटकर खड़े दिखे। यही हाल रेलवे स्टेशन से लेकर बाजारों तक का भी रहा, जहां न तो यात्रियों में कोरोना को लेकर कोई सतर्कता बरती जा रही थी न खरीदार में ही इसको लेकर कोई भय था। महेन पीएचसी में डॉक्टर के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद भी वहां किसी तरह की सावधानी नहीं बरती जा रही। महेन के चिकित्सा प्रभारी संक्रमित मिले थे। अब तक वहां जिले से कोई टीम नहीं भेजी गई है। हालांकि, उनके संपर्क में आए 22 कर्मचारियों की जांच कराई गई। सभी की एंटीजन जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। ओपीडी में डॉ. मूलचंद मरीजों को देख रहे थे। अस्पताल में आने–जाने वाले ज्यादातर लोग बिना मॉस्क के थे। कुछ कर्मचारी भी बिना मॉस्क लगाए थे। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार, चिकित्सा प्रभारी मंगलवार को कुछ मरीजों को देखने के बाद एक मीटिंग में चले गए थे। जबकि, वह स्टॉफ के कुछ अन्य कर्मचारियों के संपर्क में भी आए थे। डॉ. मूलचंद ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की जांच कराई जा रही है। मरीजों और तीमारदारों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। आयुष चिकित्सक कोरोना संक्रमित पाए गए भाटपाररानी पीएचसी पर तैनात एक आयुष चिकित्सक भी को कोरोना संक्रमित पाए गए थे। अभी तक जिले से वहां भी स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं गई है। न तो उनके संपर्क में आने वालों की पहचान की गई है।

इस तरह पीएचसी पर जांच में संक्रमित मिले एक युवक के संपर्क में आने वालों की भी अब तक पहचान नहीं की जा सकी है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. इमाम हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि अस्पताल में बिना मास्क के मरीज नहीं देखे जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में नहीं दिखी सतर्कताः देवरिया। मेडिकल कॉलेज में मरीजों–तीमारदारों की भारी भीड़ दिखी। अधिकतर लोग बिना मास्क और बगैर उचित दूरी के दिखे। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के लचर रवैए से लोगों की मनमानी बढ़ रही है। कोरोना प्रभावित मिलने के बाद भी यहां कोई सख्ती नहीं दिखी। रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी व दवा की खिड़की पर लोग बिना मास्क के बेखौफ नजर आए। इसी तरह शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों हनुमान मंदिर चौराहा, रामलीला मैदान, छह मुखी चौराहा, सब्जी मंडी आदि जगहों पर लोग बेपरवाह दिखे।

## पेशी पर आए गैंगस्टर को शराब लेकर पहुंचा भाई, गिरफ्तार

देवरिया। रामनाथ देवरिया मोहल्ला निवासी दो बदमाश शहर में हुई लूट की वारदात के मामले में जेल में बंद हैं। दोनों बदमाश पेशी पर लाए गए थे। इसी दौरान एक बदमाश का भाई पानी की बोतल में शराब मिलाकर उसे देने के लिए कचहरी पहुंच गया। तभी उस पर पुलिसकर्मियों की नजर पड़ गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ला निवासी अनूप तिवारी, भटवलिया निवासी शांतनु द्विवेदी को सदर कोतवाली पुलिस ने नवंबर में चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। दोनों को जेल से पेशी के लिए पुलिस ने कचहरी लाया था। दोपहर में अनूप तिवारी का भाई अंकित पानी की बोतल में शराब लेकर देने के लिए पहुंच गया। पुलिसकर्मियों ने पानी को जांचा–परखा तो पता चला कि उसमें शराब मिली है। इस पर पुलिस ने अंकित को गिरफ्तार कर कोतवाली चली गई। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पेशी पर आए बदमाश को उसका भाई शराब दे रहा था। इसी दौरान उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरोह ने पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में चेन स्नेचिंग की घटना को दिया है अंजामः देवरिया। पुलिस के अनुसार, अनूप और शांतनु ने पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया है। इस गिरोह ने 27 अक्तूबर को रामगुलाम टोला निवासी संयोगिता, 30 सितंबर को देवरिया खास निवासी कुणाल की मां, 17 सितंबर को भीखमपुर रोड से सुशीला देवी के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात की थी। इस गिरोह ने बलिया में कई चेन स्नेचिंग की घटनाओं को पिछले साल सितंबर माह में अंजाम दिया था। इसमें खुलासा हुआ था कि अनूप और शांतनु ने समाज कल्याण विभाग में तैनात अपने मित्र के साथ मिलकर घटनाएं करते थे। बलिया पुलिस के खुलासे में पता चला कि वरुण कुमार निवासी रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली, संजय वर्मा निवासी दुलहु थाना खुखुंदू, अनूप तिवारी निवासी रामनाथ थाना देवरिया कोतवाली, शांतनु द्विवेदी निवासी भटवलिया घर से निकलने वाली महिलाओं को निशाना बना कर घटना करते थे। इसके बाद अक्तूबर माह में जेल से छूटने के बाद अनूप और शांतनु ने देवरिया में घटनाएं करनी शुरू कर दी थीं।

## डंठल में 5 गांव के सिवान में लगी भीषण आग

### कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण पुलिस व दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर।मेंहदावल क्षेत्र के आधा दर्जन गांवो में रविवार सुबह से





ही अज्ञात कारणों से गेहूं के कट चुके खेत में पड़े डंठल में आग लग गयी। जिससे तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने में ग्रामीणों के साथ ही दमकल एवं पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस बाबत बताते चलें कि डंठल में आग पकड़ने के चलते एक–एक खेत से होते हुए मेंहदावल क्षेत्र के सेखुई, टड़वा, औरही सहित मेंहदावल नगर के कांटी, मिश्रवलिया, विद्युत कार्यालय आदि अनेको जगहों पर आग तेजी से पंहुचने लगी। हालांकि, गेहूं कट जाने से अनाज का नुकसान तो इस आग से नहीं हुआ, लेकिन पूरे इलाके में आग की दहशत फैल गई। धुएं का गुबार मेंहदावल नगर सहित पूरे इलाके में फैल गया। पछुआ हवा के चलते सेखुई टड़वा गांव के पास एक खेत में लगी आग से कई गांवो में भीषण आग लग गयी। खाली खेतों में लगी आग को बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी दौड़ती रही। साथ ही पुलिस बल से थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम भी पंहुच गयी। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया गया जिससे अच्छी बात यह रही कि तेजी से विकराल आग पर काबू पाया गया। आसपास के पम्पिंग सेट के माध्यम से भी अनवरत आग बुझाने का कार्य चलता रहा। इस तरह की आगलगी के बावजूद किसी प्रकार की हानि नहीं हुई। शाम होते होते सभी जगहों से आग बुझ गई। इसके बाद ग्रामीणों के साथ ही पुलिस व प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

## पांचवें दिन अध्यक्ष व सदस्य पद पर हुए 277 नामांकन

महराजगंज। नगर पालिका व नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए पांचवें दिन कुल 277 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें अध्यक्ष पद के लिए कुल 13 व सभासद के लिए 264 उम्मीदवारों ने नामांकन में रुचि दिखाई। नगर पालिका नौतनवां व नगर पंचायत निचलौल में कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नगर पालिका महराजगंज और नगर पंचायत पनियरा व चौक में अध्यक्ष पद के लिए एक–एक नामांकन दाखिल हुआ। नगर पंचायत आनंदनगर, निचलौल, बृजमनगंज, परतावल व सोनौली में दो–दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार सदस्य पद के लिए नगर पालिका महराजंगज में 35 व नौतनवां में 31 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। नगर पंचायत आनंदनगर में 37, बृजमनगंज में 45, निचलौल में 18, घुघली में सात, सोनौली में 12, पनियरा में 35, परतावल में पांच व चौक में 39 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि अध्यक्ष व सभासद पद के लिए कुल 277 ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

धीमी पड़ी नामांकन पत्रों की बिक्री की रफ्तारः नामांकन के लिए सोमवार को अंतिम तिथि को देखते हुए नामांकन पत्रों की बिक्री की रफ्तार धीमी पड़ने लगी है। सभी 10 निकायों में 80 से अधिक पर्चे के बिक्री की सूचना दी गई है। सदस्य पद के लिए नामांकन के लिए उमड़ रही भीड़ः जिले के सभी 10 निकायों में नामांकन के लिए भीड़ जमा हो रही है। सभी सात नामांकन स्थलों पर अभी सदस्य पद के नामांकन कक्ष में अधिक भीड़ नजर आ रही है। जबकि अध्यक्ष पद के नामांकन कक्ष में सन्नाटा दिख रहा है। सदस्य पद के लिए दोनों नगर पालिकाओं के साथ ही नगर पंचायत आनंदनगर, बृजमनगंज, पनियरा व चौक के सदस्य पद के नामांकन कक्ष के अंदर व बाहर सर्वाधिक भीड़ नजर आई। अन्य निकायों में भी नामांकन हुए मगर उनकी संख्या उपरोक्त नगर पंचायतों के मुकाबले कम नजर आई। अंतिम दिन नामांकन में जोर लगाएंगे दिग्गजः पालिका व नगर पंचायतों में नामांकन के लिए अंतिम दिन सोमवार को सभी दिग्गज उम्मीदवार अपना जोर लगाएंगे। कुछ उम्मीदवारों ने रविवार को भी नामांकन की योजना बनाई है।

## दस्तक अभियान के दौरान स्कूल न जाने वाले बच्चों की सूचना भी दें फ्रंटलाइन वर्कर्स

### आज से शुरु होगी घर घर दस्तक, संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरुकता

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर।विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का दूसरा चरण दस्तक अभियान सोमवार से शुरु होगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करते हुए फ्रंटलाइन वर्कर्स को स्कूल चलो अभियान में भी सहयोग करना होगा। दस्तक के दौरान वह किसी घर में जायेंगी तो स्कूल न जाने वाले बच्चोंकी भी सूचना एकत्र करेंगीं और वह सूचना गांव के स्कूल के प्रधानाचार्य को देंगी। इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय।यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान आगामी 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस दौरान जब आशा कार्यकर्ता व




फ्रंट लाइन वर्कर्स घर घर जाएं तो संचारी रोगों के लक्षण, पहचान, बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देंगी। इस दौरान वह इस बात की जानकारी भी करेगी कि किसी घर में स्कूल जाने के योग्य कोई बच्चा तो नहीं है। अगर है तो क्या वह स्कूल में नामित है। अगर वह नामित नहीं है तो ऐसे स्कूल न जाने वाले बच्चों की सूचना संबंधित परिषदीय स्कूल के प्रधानाचार्य को इस बात की सूचना दें। इसके अतिरिक्त उस बच्चे के अभिभावक को प्रेरित करें कि वह स्कूल में बच्चे का दाखिला कराएं। मच्छरों से बचाव के लिए बच्चों को पूरी आस्तीन की कमीज पहनाएं तथा अपने आस पास सफाई बनाए रखें।सीएमओ ने बताया कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं तथा 17 अप्रैल से दस्तक अभियान नो टच पालिसी को ध्यान में रखते हुए चलाया जाएगा। सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स कोविड नियमों का पालन करते हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग करें। इसके साथ ही सभी 12 विभाग जो इस अभियान में शामिल हैं वह अपने सारे इंडीकेटर्स पर काम करके निर्धारित लक्ष्य को 30 अप्रैल तक पूर्ण कर लें।

## भाजपा ने रंजना गुप्ता को प्रत्याशी बनाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर बलरामपुर।नगर पंचायत तुलसीपुर में भारतीय जनता पार्टी ने अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती रंजना गुप्ता बहू भाजपा जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता को प्रत्याशी बनाया है। वही नवगठित नगर पंचायत गैसड़ी से मदन जयसवाल तथा पचपेड़वा नगर पंचायत से रवि वर्मा को भाजपा ने अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी बनाया है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत तुलसीपुर में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की कहकशा फिरोज वर्तमान निकाय चुनाव में भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में



नामांकन कर चुकी है।श्रीमती निर्मला मिश्रा जो पूर्व में सपा प्रत्याशी रही उन्होंने भी नामांकन कर दिया है नामांकन के अंतिम दिन के पूर्व दिवस पर प्रदेश संगठन द्वारा जारी सूची पर बहुत लोगों की गणित फेल हो गई है। तुलसीपुर नगर पंचायत से भाजपा से करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने आवेदन किया था अब शेष बचे लोग पार्टी के प्रति निष्ठा कायम रख सकेंगे यह देखने का विषय होगा ।यूं तो विष्णु देव गुप्ता पूर्व में चुनाव लड़ चुके हैं और मामूली मतों से स्व0फिरोज पप्पू से पराजित हो गए थे। यहां पर भाजपा 20 वर्षों से कुर्सी हथियाने के हर दांवपेच खेल रही है परंतु गणित कुछ ऐसा बनता है कि जातीय समीकरण और अंतरकलह तथा विश्वासघात उसको ध्वस्त कर देता है जिसका लाभ विपक्षी को मिलता है।

# व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशियों द्वारा एक अलग से खोला जायेगा खाता: जिला निर्वाचन अधिकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेटध् जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने रबिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन, 2023 के मतदान व मतगणना के तैयारियों के सम्बन्धा में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान व मतगणना के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को दी, नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन,2023 को निष्पक्ष तरीके से राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन,2023 को निष्पक्ष, पारदर्शिता, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जायेगा, जनपद में इस समय धारा–144 लागू है, इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण के लिए जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन (न0नि0) की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी गठित की गयी है, जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र–अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र– सदस्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी सोनभद्र– सदस्यध्सचिव नामित किये गये हैं। राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के चुनाव के लिए अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित कर दिया गया है, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद (25 से 40 वार्ड) के लिए 9 लाख रूपये, सदस्य नगर पालिका परिषद के लिए 2 लाख रूपये, अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए 2 लाख 50 हजार रूपये तथा सदस्य नगर पंचायत के लिए 50 हजार अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने की तिथि से निर्वाचन की घोषणा तक प्रतिदिन विभिन्न मदो में जो व्यय किया जायेगा, उसका लेखा–जोखा तैयार किया जायेगा। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से खाता खोला जायेगा। उक्त खाता की सूचना रिटर्निंग अधिकारी एवं जनपद स्तरीय कमेटी को दी जायेगी। निर्वाचन में व्यय की गयी धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाता से प्रत्याशियों द्वारा की जायेगी। निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर तैयार कराकर रिटर्निंग अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त रजिस्टर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतीक आवंटन के दिन सभी प्रत्याशियों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। सभी प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु व्यय की गयी धनराशि को प्रतिदिन निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर में दर्ज किया जायेगा तथा निर्वाचन व्यय लेखा की सूचना जनपद स्तर पर गठित कमेटी को प्रत्येक सप्ताह प्रस्तुत की जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों जो धनराशि व्यय की जायेगी उन मदों में व्यय की जाने वाली दरों का निर्धारण जिलास्तरीय कमेटी द्वारा किया जायेगा तथा चुनाव प्रचार से सम्बन्धित दरों के सम्बन्ध में सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया जायेगा। निर्वाचन समाप्त होने के उपरान्त सभी प्रत्याशियों द्वारा तीन माह के भीतर निर्वाचन से सम्बन्धित व्यय लेखा रजिस्टर बाउचर सहित जिलस्तरीय समिति को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्वाचन समाप्ति के पश्चात् प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले व्यय लेखा रजिस्टर का परीक्षण प्रभारी अधिकारी (व्यय–लेखा) के द्वारा किया जायेगा। इसके उपरान्त व्यय लेखा का परीक्षण जिलास्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। परीक्षण में यदि किसी प्रत्याशी द्वारा निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा से अधिक धनराशि व्यय की गयी पायी जाती है तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान किये गये सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, इस दौरान उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। राजनैतिक दलों के साथ आयोजित समन्वय बैठक में अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी से भाजपा जिला प्रभारी कैलाश प्रसाद त्रिपाठी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से प्रदीप चौबे, समाजवादी पार्टी से अनिल यादव, बहुजन समाज पार्टी से मीडिया प्रभारी बलवंत रंगीला, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित सम्बन्धित अन्य राजनैतिक दल के पदाधिकारी व अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने की अन्तिम तिथि 17 से 24 अप्रैल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र।राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेटध् जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) चन्द्र विजय सिंह ने नगर पालिका परिषद, सोनभद्र एवं नगर पंचायत, घोरावल, चुर्क–घुर्मा, चोपन, ओबरा, डाला–बाजार, दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी तथा अनपरा के अध्यक्षों तथा सदस्यों के सामान्य निर्वाचन हेतु विनिर्दिष्ट समय–सारणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) द्वारा सार्वजनिक सूचना निर्गत करने का की तिथि 17 अप्रैल,2023/सोमवार को, नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने का अन्तिम तिथि 17 से 24 अप्रैल, तक समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से 03.00 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 25 अप्रैल, 2023ध्मंगलवार को समय 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक, अभ्यर्थन की वापसी की तिथि 27 अप्रैल, 2023ध्गुरूवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक, प्रतीक आवंटन की तिथि 28 अप्रैल,2023ध्शुक्रवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक, मतदान की तिथि 11 मई, 2023/गुरूवार को पूर्वान्ह 07.00 बजे से अपरान्ह 06.00 बजे तक तथा मतगणना की तिथि 13 मई, 2023/शनिवार को पूर्वान्ह 08.00 बजे से कार्य समाप्ति तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी सम्बन्धित क्षेत्रों के निर्वाचन की सार्वजनिक सूचना उनके लिए सन्दर्भित समय सारिणी में निर्धारित दिनांक को निर्गत करेंगे तथा उसकी प्रतिलिपि जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) को भेजेंगे। समस्त नगरीय निकायों के रिटर्निग अधिकारी तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपर्युक्त कार्यक्रम का अपने से सम्बन्धित जिला तथा नगरीय निकायों के क्षेत्र में व्यापक प्रचार करायेंगे तथा उसकी प्रतियॉ सम्बन्धित कार्यालयों तथा नगरीय निकायों के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित करेंगे। उक्त सामान्य निर्वाचन उत्तर प्रदेश नगर पालिका (सदस्यों, पार्षदों, अध्यक्षों और महापौरों का निर्वाचन) नियमावली 2010 के अनुसार सम्पन्न होगा। उपर्युक्त समय–सारणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें और निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ही कार्यवाही की जायेगी। देश भर में कोविड की स्थिति में समग्र सुधार को देखते हुए और राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध अधिकरणध्राज्य आपदा प्रबन्ध अधिकरण द्वारा आपदा प्रबन्ध अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक उपाय को वापस लेने के मद्देनजर, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी की गई सलाह का पालन करने का निर्णय लिया गया है। सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान पॉच सूत्री रणनीति पर लगातार फोकस किया जाएगा, यानी टेस्ट–ट्रैक–ट्रीट–टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करेंगे। जिला मशीनरी द्वारा प्रभावी ढ़ग से कोविड स्थिति की निगरानी की जाएगी और आवश्यक कानूनीध्प्रशासनिक मानदंड निर्धारित करके कोविड उपयुक्त व्यवहार के मानदंडों को लागू किया जाएगा।



# सोनभद्र के जंगली बाबा दोनों डिप्टी सीएम से मिले यज्ञ में आने का अनुरोध स्वीकारा

## आदि शंकराचार्य आश्रम झूलेलाल वाटिका गोमती नदी तट लखनऊ में किया गया है विराट रुद्र महायज्ञ का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। आदि शंकराचार्य आश्रम झूलेलाल वाटिका गोमती नदी तट लखनऊ में आगामी 22 अप्रैल से आयोजित विराट रुद्र महायज्ञ, वटुकों का उपनयन संस्कार एवं गरीब निर्धन कन्याओं की शादी के लिए यज्ञ का मेन गेट बनाया गया है। यज्ञ मंडप को अंतिम रूप देने में कारीगर जुट गए हैं। यज्ञ कार्यक्रम के संयोजक सोनभद्र के भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम क्रमशः बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर यज्ञ में आने का आग्रह किया है जिसे दोनों लोगों ने स्वीकार किया है। साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। जिससे यज्ञ समिति से जुड़े लोग कार्यक्रम की सफलता को लेकर काफी उत्साहित हैं।बता दें कि विराट रुद्र महायज्ञ, वटुकों का उपनयन संस्कार एवं गरीब निर्धन कन्याओं की शादी का कार्यक्रम आदि शंकराचार्य आश्रम झूलेलाल वाटिका लखनऊ में गोमती नदी तट पर आगामी 22 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए यज्ञ स्थल का मेन गेट व यज्ञ मंडप बनाया जा रहा है। जिसे अंतिम रूप देने में कारीगर जुट गए हैं। इसके अलावा यज्ञ पांडाल परिसर को चारों तरफ से घेराबंदी भी की जा रही है, ताकि कोई बाधा न आए। जंगली बाबा ने बताया कि यज्ञ की वैज्ञानिक प्रमाणीकरण के लिए भारत सरकार की प्रयोगशालाओं को निर्देशित करने के लिए निवेदन के साथ प्रधानमंत्री जी को पत्रक भेजा गया है। सहयोग के लिए मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी पत्रक की प्रति भेजा गया है। इसके अलावा प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम क्रमशः बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर यज्ञ में आने का आग्रह किया गया जिसे दोनों लोगों ने स्वीकार किया है तथा यज्ञ में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। भिखारी बाबा ने यह भी बताया कि हरिद्वार से आए आचार्य राघवेंद्रचार्य जी महाराज प्रतिदिन श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। यज्ञ के मुख्य यजमान एडवोकेट हिमांशु शेखर, एडवोकेट दिनेश कुमार सिंह,संतोष आचार्य,डाक्टर प्रवीण, अमित दीक्षित, अजय अवस्थी, देवेंद्र रॉय, विनोद सिंह, आलोक पांडेय, अरविंदर पाल,विकास शुक्ला आदि लोग यज्ञ को सफल बनाने के लिए जुट गए हैं।



बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई –रविंद्र सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश



संतकबीरनगर। मेंहदावल में निकाय चुनाव के दौरान भड़काऊ पोस्ट डालने वाले के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। सोशल मीडिया पर भडकाऊ और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव को लेकर प्रशासनिक टीमें सोशल मीडिया पर नजर रख रही है। यह बातें मेंहदावल थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कही। चुनाव आयोग ने प्रदेश के निकाय चुनाव को लेकर सभी डीएम और एसपी को पत्र लिखकर कहा है कि निकाय चुनाव के दौरान नागरिकों की ओर से एसएमएस और सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री पर कड़ी नजर रखें। चुनाव आयोग का पत्र मिलने के बाद एसपी के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह सक्रिय हो गए, उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री पर कड़ी नजर रखे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आयोग ने मीडिया सेल को सक्रिय करने के निर्देश दिए है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले फोटो, वीडियो और ऑडियो क्लिप पर नजर रखने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि भ्रामक और गलत सूचनाएं से कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का खतरा पैदा हो जाता है। इसलिए गलत और भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर नजर रखें और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। पुलिस पूरी तरह से आयोग के निर्देश का पालन करेगी।

**कार्यालय : ग्राम पंचायत–टुफेड़िया**
**विकास खण्ड–इटवा,जनपद–सिद्धार्थनगर**

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 27.04.2023 को अपराह्न 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 27.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **टुफेड़िया** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **टुफेड़िया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **टुफेड़िया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **टुफेड़िया** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**जज्मातुन्निशा**
**ग्राम पंचायत–टुफेड़िया**
**वि0 खंड–इटवा**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**संजय कुमार**
**ग्राम पंचायत–टुफेड़िया**
**वि0 खंड–इटवा**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**



# बच्चों को इन फूड आइटम्स को खिलाएं... नहीं होगा हीट स्ट्रोक का खतरा

गर्मियों ने दस्तक दे दी है. लोगों को पंखे में भी गर्मी महसूस होने लगी है. कुछ जगह पर अभी से कूलर और एसी का सहारा लेने लगे हैं. हालांकि हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि अभी से कूलर, एसी से लोग मौसमी वायरल के शिकार हो सकते हैं. लोग सावधानी बरतें. वहीं आने वाले कुछ दिनों में सिर तपाने वाली गर्मी पडने वाली है. लू भी चलेंगी, तपिश में लोगों का घर से निकलना दूभर हो जाएगा. गर्मियों में लगने वाले हीट स्ट्रोक से बड़े ही नहीं बच्चों को भी संभालकर रखने की जरूरत है. ऐसे ही फूड आइटम्स के बारे में जानने की कोशिश करेंगे, जिन्हे बच्चों को खिलाकर हीट स्ट्रोक से बचाया जा सकता है.

खीरा व ककड़ी खाएं

गर्मियों में खीरा और ककड़ी की खेप बाजार में आ जाती है. लोग इसे खाना पसंद करते हैं. वहीं, खीरा विटामिन के, विटामिन डी जैसे सोर्स से भरपूर भी होता है. ये सभी बॉडी में पानी की कमी नहीं होने देते हैं. बच्चे चाट के रूप में भी ककड़ी, खीरा खा सकते हैं.

छाछ और दही

दूध से दही और छाछ बनाए जाते हैं. बच्चे बाहर के जंक फूड और पेय पदार्थ पीते हैं. ये फायदे के बजाय नुकसान अधिक करते हैं. इससे इतर बच्चों को दही, छाछ, रायता बनाकर पिलाया जा सकता है. ये पेट को ठंडा करने का काम करते हैं, साथ ही दही और छाछ एनर्जी भी देते हैं.

नारियल पानी

नारियल पानी बॉडी में पानी की कमी पूरी करने का बड़ा सोर्स है. बच्चे पानी कम पीते हैं, मगर नारियल पानी को पीना अधिक पसंद करते हैं. नारियल पानी में विटामिन–सी, कैल्शियम, मैंगनीज जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. ये इम्यून सिस्टम बढ़ाने का काम करता है.

हरी सब्जियां भी लाभकारी

गर्मियों में लू से बचाने के लिए हरी सब्जियां फायदेमंद होती हैं. इसमें आयरन, विटामिन सी, विटानिम ए, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. बच्चे सब्जी भी नहीं खाते हैं. मगर सब्जियों को जायकेदार और सलाद के रूप में उन्हें खिलाया जा सकता है.

## वो तो है अलबेला में अपने किरदार को लेकर बोलीं प्रियंवदा, आम नहीं खलनायक का किरदार

प्रियंवदा कांत, जो वर्तमान में शो वो तो है अलबेला में चमन बहार की भूमिका निभा रही हैं, ने अपने किरदार के बारे में बताया



कि कैसे चमन बहार का किरदार अन्य सभी खलनायकों के किरदारों से अलग है। उन्होंने कहा चमन बहार आपके रोजमर्रा जैसे दिखने वाली लोगों की तरह नहीं है। वह बेहद चालाक और शातिर है। चेहरे से खुशमिजाज दिखनी वाली ये लड़की, मन में खतरनाक इरादे रखती है। प्रियंवदा को बैरी पिया, ससुराल सिमर का, सबकी लाडली बेबो, द बडी प्रोजेक्ट, तेनाली रामा, स्प्लिट्सविला 12, तेरा मेरा साथ रहे और कई अन्य में भी देखा गया था। उन्होंने आगे कहा, चमन बहार की भूमिका निभाना मेरी सबसे अच्छी पसंदों में से एक रहा है, क्योंकि वह सामान्य विलेन नहीं है। मुझे अपने फैंस और दोस्तों से बहुत सारी प्रतिक्रिया मिली है, जो मुझे बताते हैं कि वे मुझे चमन बहार के रूप में देखना कितना पसंद करते हैं। इस भूमिका को निभाना आनंददायक है, लेकिन यह मुश्किल भी है। वो तो है अलबेला स्टार भारत पर प्रसारित होता है।




## ऋतिक की कृष 4 पर अभी शुरू नहीं होगा काम, राकेश रोशन ने दी जानकारी




ऋतिक रोशन अपनी फिल्म कृष 4 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। भारत के सबसे सफल सुपरहीरो की इस फ्रेंचाइजी को दर्शकों ने खूब प्यार दिया और वह फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 2020 से चौथी किस्त बनने की खबरें सामने आ रही हैं और अब निर्देशक राकेश रोशन ने कृष 4 से जुड़ा अपडेट साझा किया है। उन्होंने बताया है कि इसमें समय लगेगा और 2024 के अंत से पहले काम शुरू नहीं होगा। राकेश ने हाल ही में स्पष्ट किया कि फिल्म अगले साल के अंत से पहले शुरू नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वे स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं और उसके बाद ही प्री–प्रोडक्शन शुरू होगा। उनका कहना है कि वह फिल्म बनाते समय अपना समय लेना पसंद करते हैं और कृष 4 को पूरा करने की उन्हें कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले आई तीनों फिल्मों में भी कई साल का अंतर था। कृष 4 के बारे में बात करते हुए राकेश ने बताया कि इसमें इस्तेमाल हो रहे कॉन्सेप्ट को शायद ही पहले कभी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में आजमाया गया हो, भारत में तो दूर की बात है। उन्होंने इससे पहले इस तरह की कहानी का प्रयास नहीं किया है, जहां उनके पास कोई संदर्भ बिंदु नहीं है और इसलिए इसमें समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म में एक पिता–पुत्र के बीच भावनात्मक कहानी भी देखने को मिलेगी। कुछ समय पहले खबर आ रही थी कि कृष 4 का निर्देशन करने के लिए एक हॉलीवुड निर्देशक की तलाश की जा रही है। हालांकि, कुछ समय बाद ही राकेश ने इस खबर का खंडन करते हुए कहा था कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा था कि इस बार ऋतिक सुपरहीरो और सुपर विलेन दोनों की भूमिका में नजर आ सकते हैं, लेकिन अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कृष 2006 में आई थी, जिसमें ऋतिक के साथ प्रियंका चोपड़ा थीं और वह तीनों भागों में नजर आई हैं। 2011 में फिल्म का दूसरा भाग और 2013 में तीसरा भाग आया था, जिसमें विवेक ओबेरॉय और कंगना रनौत भी मुख्य भूमिका में थे। ऋतिक इन दिनों सिद्धार्थ आनंद की फाइटर की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। इस फिल्म में वह पहली बार दीपिका पादुकोण के साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म जनवरी 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके अलावा वह अयान मुखर्जी की वॉर 2 का भी हिस्सा हैं, जिसमें कथित तौर पर जूनियर एनटीआर भी मुख्य भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। आखिरी बार अभिनेता विक्रम वेधा में नजर आए थे, जो बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई थी।

## सिटाडेल के हिंदी संस्करण से जुड़े सिकंदर खेर, वरुण धवन और सामंथा संग आएंगे नजर

अमेरिकी टीवी सीरीज सिटाडेल के हिंदी रीमेक में समांथा रुथ प्रभु और वरुण धवन के साथ एक्टर सिकंदर खेर स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। निर्माता धीरे–धीरे हिंदी रीमेक के लिए अन्य



कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं और सिकंदर खेर को टीम में शामिल किया है। यह शो हिट फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। प्रोडक्शन टीम के एक करीबी सूत्र का कहना हैरू सिकंदर खेर सिटाडेल के हिंदी वर्जन के कलाकारों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने मुंबई में हुए अमेरिकी वर्जन के भारत प्रीमियर में भी भाग लिया। सिटाडेल सीजन के सबसे बड़े शो में से एक होने का अनुमान है। यह पहली बार होगा जब सिकंदर राज और डीके एक साथ काम करेंगे।

हिंदी वर्जन में वरुण प्रमुख भूमिका में होंगे। शो में समांथा भी वो भूमिका निभाएंगी, जो मूल रूप से प्रियंका चोपड़ा द्वारा निभाई गई है। वह अपने हिस्से की शूटिंग जल्द करेंगे। यह पहली बार होगा जब सिकंदर राज और डीके के साथ काम करेंगे। सिटाडेल की भारतीय किस्त सीता आर मेनन द्वारा राज एंड डीके के साथ लिखी गई है, जबकि इसका निर्देशन राज और डीके कर रहे हैं।

# केचअप के बिना खाने का दिल ही नहीं करता... यहां इसके नुकसान भी जान लें



केचअप जंक फूड का बड़ा हिस्सा है. चाउमीन, बर्गर जैसे आइटम बिना केचअप के अच्छे नहीं लगते हैं. बच्चे हो या बड़े केचअप के साथ इन जंक फूड को बड़े चाव से खाते हैं. वहीं, केचअप को बच्चे तो आमतौर पर ब्रेड, रोटी या किसी भी डाइट के संग ले लेते हैं. स्वाद में खटटा मीठा होने के कारण ये बहुत अधिक टेस्टी लगता है. लेकिन स्वाद–स्वाद के चक्कर में कई बार इसे अधिक खा लिया जाता है. अब केचअप बस खाते ही जा रहे हैं. क्या इसके नुकसान को भी जानते हैं. केचअप खाने से कई तरह की हेल्थ से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं.

हो सकती है डायबिटीज

टोमेटो केचअप को बनाने में कई तरह के केमिकल्स और प्रिजरवेटिव्स का प्रयोग किया जाता है. इसमें शुगर भी काफी अधिक होती है. केचअप के खाने से जहां मोटापा बढ़ सकता है, वहीं डायबिटीज भी घर बना सकती है.

हाइपरटेंशन का रहता खतरा

केचअप में नमक की भी अच्छी खासी मात्रा का प्रयोग किया जाता है. मीठा के साथ ये अधिक खटटेपन का अहसास भी होता है. इसके अधिक सेवन से हाईब्लड प्रेशर यानि हाइपरटेंशन की समस्या भी हो सकती है.

एसिडिटी की हो सकती है समस्या

टोमेटो केअचप में कई तरह के केमिकल्स का प्रयोग किया जाता है. इससे पेट में एसिडिटी और गैस संबंधी परेशानी हो सकती हैं. जलन की समस्या भी बन सकती हैं.

टमाटर के हो जाते पोषक तत्व नष्ट

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि टोमेटो केचअप को जिस प्रोसेस से गुजारकर बनाया जाता है. उससे टमाटर के सभी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं. इससे किसी तरह का फायदा नहीं मिल पाता है.